श्री बाबू निर्मल कुमार जैन
की ओर से भेंट

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

भाग १० किरण १

THE JAINA ANTIQUARY

Vol. IX. No. I.

No-056846
Lo-42.13

Edited by

Prof. Hiralal Jain, M. A., LL.B.
Prof. A. N. Upadhye, M. A., D. Litt.
B. Kamata Prasad Jain, M. R. A. S.
Pt. K. Bhujabali Shastri, Vidyabhushana.

PUBLISHED AT
THE CENTRAL JAINA ORIENTAL LIBRARY
[JAINA SIDDHANTA BHAVANA]
ARRAH, BIHAR, INDIA.

JUNE, 1943.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर के नियम

१ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' हिन्दी षाण्मासिक पत्र है, जो वर्ष में जून और दिसम्बर में दो भागों में प्रकाशित होता है।

२ 'जैन-एन्टीक्वेरी' के साथ इसका वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) और विदेश के लिये ३॥) है, जो पेशगी लिया जाता है। १॥) पहले भेज कर ही नमूने की कापी मंगाने में सुविधा रहेगी।

३ इसमें केवल साहित्य-संबन्धी या अन्य भद्र विज्ञापन ही प्रकाशनार्थ स्वीकृत होंगे। प्रबन्धक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा को पत्र भेजकर दर का ठीक पता लगा सकते हैं; मनीआर्डर के रुपये भी उन्हीं के पास भेजने होंगे।

४ पते में परिवर्तन की सूचना भी तुरन्त आरा को देनी चाहिये।

५ प्रकाशित होने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर यदि 'भास्कर' प्राप्त न हो, तो इसकी सूचना शीघ्र कार्यालय को देनी चाहिये।

६ इस पत्र में अत्यन्त प्राचीनकाल से लेकर अर्वाचीन काल तक के जैन इतिहास, भूगोल, शिल्प, पुरातत्त्व, मूर्त्ति-विज्ञान, शिला-लेख, मुद्रा-विज्ञान, धर्म्म, साहित्य, दर्शन प्रभृति से संबंध रखने वाले विषयों का ही समावेश रहेगा।

७ लेख, टिप्पणी, समालोचना आदि सभी सुन्दर और स्पष्ट लिपि में लिखकर सम्पादक 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' आरा के पते से आने चाहिये। परिवर्त्तन के पत्र भी इसी पते से आने चाहिये।

८ किसी लेख, टिप्पणी आदि को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सम्पादकों को होगा।

९ अस्वीकृत लेख लेखकों के पास विना डाक-व्यय भेजे नहीं लौटाये जाते।

१० समालोचनार्थ प्रत्येक पुस्तक की दो प्रतियाँ 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' कार्यालय आरा के पते से ही भेजनी चाहिये।

११ इस पत्र के सम्पादक निम्न-लिखित सज्जन हैं जो अवैतनिकरूप से केवल जैनधर्म की उन्नति और उत्थान के अभिप्राय से कार्य्य करते हैं :—

प्रोफेसर हीरालाल, एम.ए., एल.एल.बी.

प्रोफेसर ए. एन. उपाध्ये, एम. ए., डी. लिट.

बाबू कामता प्रसाद, एम.आर.ए.एस.

पण्डित के. भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण.

जैन-सिद्धान्त-भास्कर

जैन-पुरातत्त्व-सम्बन्धी षाण्मासिक पत्र

भाग १०] [किरण १

सम्पादक

प्रोफेसर हीरालाल जैन, एम. ए., एल-एल. बी.
प्रोफेसर ए० एन० उपाध्ये, एम.ए., डी. लिट्.
बाबू कामता प्रसाद जैन, एम. आर. ए. एस.
पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण.

जैन-सिद्धान्त-भवन आरा-द्वारा प्रकाशित

भारत में ३) विदेश में ३॥) एक प्रति का १॥)

वि० सं० २०००

विषय-सूची

पृष्ठ सं०

१ विजयनगर के जैन शिलालेख—[ले० श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस० ... ... १

२ पार्श्वदेवकृत संगीतसमयसार'—[ले० श्रीयुत बा० अ० नारायण मोरेश्वर खरे ... ९

३ खगेन्द्रमणिदर्पण—[ले० श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण ... १८

४ तुलु देश में जैनधर्म—[ले० श्रीयुत डा० बी० ए० सालेतोर एम० ए०, पी०-एच०डी० २१

५ जैन कविताओं में ऐतिहासिक प्रसंग—[ले० श्रीयुत कालीपद मित्र, एम० ए० .... २५

६ पूर्व और पश्चिम में दर्शन की धारणा—[ले० श्रीयुत देवराज, एम० ए०, डी० फिल० ३४

७ जैनियों की दृष्टि में विक्रमादित्य—[ले० श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण; प्रोफेसर श्रीयुत देवसहाय, त्रिवेद, एम० ए० ... ३७

८ समीक्षा—

(क) भारतीय दर्शन—देवराज [एम० ए०; डि० फिल०] ४३

(ख) अर्द्धकथा—देवसहाय, त्रिवेद [ए० एम०] ४४

(ग) धर्म का आदि प्रवर्त्तक— | —कमलाकान्त उपाध्याय [व्याकरण-साहित्य-वेदान्ताचार्य, काव्यतीर्थ] ४५

(घ) पावन-प्रवाह— ४६

(ङ) शान्त-शृङ्गार-विलास— ४७

(च) वर्द्धमानपुराण—बनारसी प्रसाद भोजपुरी [साहित्यरत्न] ४७

९ जैन-सिद्धान्त-भवन का वार्षिक विवरण—[मन्त्री] ४८

परिशिष्ट

भुजबलिचरितम्—दोड्डय्य सं०—श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण ...

श्रीजिनाय नमः

जैन सिद्धान्त-भास्कर

जैनपुरातत्त्व और इतिहास-विषयक षाण्मासिक पत्र

भाग १० | जून, १९४३। ज्येष्ठ, वीर नि० सं० २४६९ | किरण १

विजयनगर के जैन शिलालेख

[ले० श्रीयुत बा० कामता प्रसाद जैन, एम० आर० ए० एस]

मद्रास प्रान्त के वर्तमान बल्लारि ज़िले में तालुका होसपेटे में हम्पि नामक ग्राम है। एक समय यही अन्तिम हिन्दू साम्राज्य की राजधानी विजयनगर इठलाती नज़र आती थी। आज वह धराशायी है। विजयनगर को सम्राट् देवराय ने सन् १३३६ ई० में बसाया था। यह बड़ा ही विशाल नगर था। आज उसके ध्वंसावशेष नौ वर्गमील में फैले हुए हैं। अनेक विदेशी यात्रियों ने इस नगर के दर्शन करके मुक्तकंठ से प्रशंसा लिखी है। सन् १४४२ ई० में अब्दुल रज्ज़ाक़ नामक यात्री ने विजयनगर को देखकर लिखा है कि [1] वैसा नगर कभी दृष्टि में नहीं आया और बुद्धि को यह कभी सुनाई न पड़ा कि दुनियां में उसकी बराबरी का कोई नगर था। यह नगर सात कोटों में बसा हुआ था। सातवें कोट में राजमहल थे। प्रत्येक वर्ग के व्यापारी वहां थे। हीरा, लाल, मोती आदि खुले बाज़ार बिकते थे। अमीर और ग़रीब सभी जवाहरात के कंठे, कुंडल और अंगूठियां पहनते थे। पंद्रहवीं शताब्दि में दमश्क (सिरिया) से निकोलो कॉन्टि (Nicolo Conti) नामक यात्री भारत आया था और उसने विजयनगरको देखा था। उसे वह पर्वतों के निकट बसा हुआ विशाल नगर बताता है। वह नगर साठ मील के क्षेत्र में विस्तृत था और उसकी दीवालें पर्वतों से बातें करतीं थी—बहुत ही ऊँची थी।[2] इन उल्लेखों से पाठक विजयनगर की विशालता और महत्ता का अनुमान कर सकते हैं! किन्तु कुटिल काल महान् व्याल है—उसके वार से कोई नहीं बचता! विजयनगर

1. "The city of Bidjanagar is such that pupil of the eye has never seen a place like it, and the ear of intelligence has never been informed that there existed anything to equal it in the world. It is built in such a manner that seven citadels and the same number of walls enclose each other etc."—Major, "India in the fifteenth century" (London), pp. 23–26.

2. Ibid. pt II p 6.

भी नहीं बचा—उसके खंडहर आज लौकिक अनित्यता का दिग्दर्शन करा रहे हैं। इन खंडहरों में कम्पली को जाती हुई सड़क पर सबसे पहला ध्वंसावशेष एक जैन मंदिर का है, जो 'गाणिगित्ति-वसति' नाम से प्रसिद्ध था। 'गाणिगित्ति' कहते हैं तेलिन को। अतः हो सकता है कि इस मंदिर को किसी धर्मात्मा तेलिन ने किसी तरह से अपनाया होगा—संभव है कि उसने इसका जीर्णोद्धार कराया हो—इसीलिये वह उसके नाम से प्रख्यात हो गया। वरन् शिलालेख से प्रकट होता है कि इस मंदिर को सेनापति इरुगप्प ने बनवाया था। इस मंदिर के सम्मुख एक दीपस्तम्भ है—उस दीपस्तम्भ पर शिलालेख अङ्कित है। शिलालेख में संस्कृत भाषा के २८ श्लोक हैं और प्रारंभिक दो मंगलसूचक श्लोकों में श्री जिनराज और जिन-शासन को स्मरण किया गया है। उपरान्त सिंहनन्दी मुनिराज की परम्परा निम्नप्रकार लिखी है:—

मूलसंघ-नन्दिसंघ-बलात्कारगण-सारस्वतगच्छ

|

पद्मनन्दी

|

भट्टारक धर्म्मभूषण प्रथम

|

अमरकीर्ति

|

सिंहनन्दी गणभृत्

|

भट्टारक धर्म्मभूषण

|

वर्द्धमान

|

भट्टारकमुनि धर्म्मभूषण द्वितीय

इन गुरुओं का उल्लेख शिलालेख में 'आचार्य'—'आर्य'—'गुरु'—'देशिक'—'मुनि' और 'योगीन्द्र' विशेष नामों से हुआ है। उपरान्त विजयनगर राजवंश के दो राजाओं अर्थात् यादव राजवंशोद्भूत बुक्कराय और उनके पुत्र हरिहर द्वितीय का वर्णन है। हरिहर के परम्परीण प्रधान मंत्री दंडाधिनायक बैच अथवा बैचप्प थे। बैचप्प के पुत्र दंडेश अथवा क्षितीश या धारणीश (Prince) इरुग अथवा इरुगप्प थे; जिनके गुरु आचार्य सिंहनन्दी थे। शक १३०७, क्रोधन संवत् में इरुग ने विजयनगर में कुंथुजिननाथ का पाषाण मंदिर निर्माण कराया। विजयनगर कर्णाटक देश के कुन्तल प्रान्त में अवस्थित था। सबसे पहले यह शिलालेख सन् १८३६ में 'ऐशियाटिक रिसर्चेज' (भा० २० पृ० ३६) पत्रिका में प्रकाशित हुआ था। उपरान्त सन १८९० में डॉ० हल्श सा० ने इसका सम्पादन आर्कालॉजिकल सर्वे ऑव इंडिया भा० ३ में किया था।

पाठकों के अवलोकनार्थ हम उस शिलालेख को वहांसे सधन्यवाद उपस्थित करते हैं :—

मूल शिलालेख :—

(१) यत्पादपंकजरजो रजो हरति मानसं । स जिनः श्रेयसे
(२) भूयाद्भूयसे करुणालयः ॥ (१) श्रीमत्परमगंभीर-
(३) स्याद्वादामोघलांच्छनं । जीयात्त्रैलोक्यनाथ-
(४) स्य शासनं जिनशासनं ॥ [२] श्रीमूलसंघेजनि नंदिसंघ-
(५) [स्त] स्मिन् बलात्कारगणोति रम्यः । तत्रापि सारस्वतनाम्नि गच्छे स्वच्छाशयोभूदि-
(६) ह पद्मनंदी ॥ [३] आचार्यः कुंड [कुंदा] ख्यो वक्रग्रीवो महामतिः ।येलाचा-
(७) र्य्यो गृद्धपिंच्छ इति तन्नाम पंचधा ॥ [४] केचित्तदन्वये चारुमुनयः खन-
(८) यो (?) गिरां [।] जलधाविव रत्नानि बभूवुर्दिव्यतेजसः ॥ [५] तत्रासीच्चारुचारित्रर-
(९) त्नरत्नाकरो गुरुः । धर्म्मभूषणयोगींद्रो भट्टारकपदांचितः ॥[६]
(१०) भाति भट्टारको धर्म्मभूषणो गुणभूषणः । यद्यशः कुसुमामो-
(११) दे गगनं भ्रमरायते ॥ [७] सिष्यस्तस्य मुनेरासीदगर्गलतपोनिधिः । श्रीमान
(१२) मरकीर्त्यार्य्यो देशिकाग्रेसरः शमी ॥ [८] निजपक्ष्मपुटकवाटं घटइत्वानिलनिरोध-
(१३) [तो] हृदये । अविचलितबोधदीपं तममरकीर्त्तिं भजे तमोहरं ॥ [९] केपि
(१४) स्वोदरपूरणे परिणता विद्याविहीनांतरा योगीशा भुवि संभवंतु बहु-
(१५) वः किं तैरनंतैरिह । धीरः स्फूर्ज्जति दुर्ज्जयातनुमदध्वंसी गुणैरुर्जि-
(१६) तैराचार्य्योमरकीर्त्तिशिष्यगणभृच्छ्रीसिंहनंदी व्रती ॥ [१०] श्रीधर्म्मभूषोजनि त-
(१७) स्य पट्टे श्रीसिंहनंद्याचार्य्यगुरोस्सधर्मा । भट्टारकः श्रीजिनधर्म्महर्म्यस्तंभा-
(१८) यमानः कुमुदेंदुकीर्त्तिः ॥ [११] पट्टे तस्य मुनेरासीद्वर्द्धमानमुनीश्वरः । श्रीसिं-
(१९) हनंदियोगींद्रचरणांभोजषट्पदः ॥ [१२] सिष्यस्तस्य गुरोरासीद्धर्म्मभूषण-
(२०) देशिकः । भट्टारकमुनिः श्रीमान् शल्यत्रयविवर्जितः ॥ [१३] भट्टारकमुनेः पादावपू-
(२१) र्व्वकमले स्तुमः । यदग्रे मुकुलीभावं यांति राजकराः परं ॥ [१४] एवं गुरुप-
(२२) रंपरायामविच्छेदेन वर्त्तमानायां ॥ आसीदसीममहिमावंशे यादव-
(२३) भूभृतां [।] अखंडितगुणोदारः श्रीमान्बुक्कमहीपतिः ॥ [१५] उदभूद्भूभृतस्तस्मा-
(२४) द्राजा हरिहरेश्वरः । कलाकलापनिलयो विधुःक्षीरोदधेरिव ॥ [१६] यस्मिन् भर्त्तरिभू-
(२५) पाले विक्रमाक्रांतविष्टपे । चिराद्राजन्वती हंत भव (त्येषा) वसुंधरा ॥ [१७] तस्मिन् शा-
(२६) सति राजेंद्रे चतुरंबुधिमेखलां । धरामधरिताशेषपुरातनमहीपतौ । [१८] आसीत्त-
(२७) स्य महीजानेः शक्तित्रयसमन्वितः कुलक्रमागतो मंत्री बैचदंडाधिनायकः ॥ [१९] द्वि-
(२८) तीयमंतःकरणं रहस्ये बाहुस्तृतीयस्समरांगणेषु । श्रीमान्महाबैच (प) ।

(?) 'खनयो गिरा' का अर्थ हल्श सा० ने 'Mines of speeches' किया है।

(२९) दंडनाथो जागर्त्ति कार्य्ये हरिभूमिभर्तुः ॥ [२०] तस्य श्रीबैचदंडाधिनायकस्यो-❀

(३०) [र्जि] तश्रियः । आसीदिरुगदंडेशो नंदनो लोकनंदनः ॥ [२१]

न मूर्त्ता नामूर्त्ता निखिलभु-

(३१) वनाभोगिकतया शरद्राजद्राकाविटनिटिलनेत्रद्युतितया । प्रभूता कीर्त्तिस्सा चिर-

(३२) मिरुगदंडेशःकथयत्यनेकांतात्कांतात्परमिह न किंचिन्मतमिति ॥ [२२] सद्वंशजोपि गुण-

(३३) वानपि मार्गणानामाधारतामुपगतोपि च यस्य चापः । नम्रः परान्विनमयन्नि-

(३४) रुगक्षितीशस्येोच्चैर्ज्जनाय खलु सिक्षयतीव नीतिं [२३] हरिहरधरणीशभाज्यसाम्रा-

(३५) ज्यलक्ष्मीकुवलयहिमधामा शौर्य्यगांभीर्य्यसीमा । इरुगपधरणीशस्सिंह-

(३६) नंद्याद्यैर्वद्यैर्यप्रदन [लि] नभृङ्गस्स प्रतापैकभूमिः ॥ [२४] स्वस्ति शकवर्षे १३०७

(३७) प्रवर्त्तमाने क्रोधनवत्सरे फाल्गुनमासे कृष्णपक्षे द्वितीयायां तिथौ शुक्रवारे ॥अस्ति वि-

(३८) स्तीर्ण्णकर्णाटधरामंडलमध्यगः । विषयः कुंतलो नाम्ना भूकांताकुंतलोप-

(३९) मः ॥ [२५] विचित्ररत्नरुचिरं तत्रास्ति विजयाभिधं ।

नगरं सौधसंदोहदर्शिताकांडचंद्रिकं ॥ [२६]

(४०) मणिकुट्टिमवीथीषु मुक्तासैकतसेतुभिः । दा नं] बूनि निरुंधाना यत्र क्रीडंति बालिकाः ॥ [२७]

(४१) तस्मिन्निरुगदण्डेशः पुरे चारु शिलामयं । श्रीकुंथुजिननाथस्य चैत्यालयमचीकरत् ॥[२८]

(४२) भद्रमस्तु जिनशासनाय ॥

इस शिलालेख के ३रे-४थे पद्यों से आचार्य पद्मनन्दी के पांच अपरनाम (२) कुंडकुंद, (२) वक्रग्रीव, (३) महामति, (४) एलाचार्य और (५) गृद्धपिच्छ प्रकट होते हैं। भ० धर्मभूषणादि के ज्ञानादि गुणों का बखान है। दशवें श्लोक में उन साधुवेषियों पर आक्षेप किया है जो ज्ञान से रहित थे और केवल अपना पेट भरना जानते थे। भ० सिंहनन्दी को ११ वें श्लोक में जिनधर्मरूपी पवित्र प्रासाद का स्तम्भ कहा है। १३-१४ श्लोकों से भ० धर्मभूषण द्वि० की विद्वत्ता प्रकट है—उनका अपरनाम भट्टारकमुनि था—राजा लोग उनके समक्ष करबद्ध उपस्थित रहते थे। दंडाधिप बैच तीन शक्तियों (प्रभाव, उत्साह, मंत्र) से युक्त थे। रणक्षेत्र में वह राजा हरिहर के तीसरे हाथ थे। इन्हीं के पुत्र इरुग थे, जिन्होंने लोक का मनोरंजन किया था। उनकी कीर्ति लोक व्यापी थी और वह स्याद्वादमत की सर्वोत्कृष्टता का उच्च घोष करती थी। श्लोक २३ से प्रकट है कि दंडेश इरुग का धनुष लोगों को सम्यग्चारित्र की शिक्षा देता है। हरिहर की राज्य लक्ष्मी को श्रीवृद्धि उन्होंने की थी। सिंहनन्दी गुरु के चरणों के वह भक्त थे। २६-२७ वें श्लोकों में विजयनगर की विशालता का चित्रण है, जो रत्नों से जाज्वल्यमान थी। वहां की सड़कों पर बहुमूल्य रत्न जड़े थे। वहीं इरुग ने कुंथुजिनालय बनवाया था।

❀ डॉ० हल्श ने बैच को चैच पढ़ा है; यथार्थ नाम बैचप्प है।

विजयनगर के खंडाहरों में एक जीर्ण शीर्ण मंदिर और है। उसके मुख्य प्रवेशद्वार पर निम्नलिखित शिलालेख अङ्कित है जो वहां सर्व प्राचीन है :—

(१) शुभमस्तु ॥ श्रीमत्परमगंभीरस्याद्वादामोघलांथनं (।) जीयात्त्रैलोक्यनाथस्य शासनं जिनशासनं ॥ (१) श्रीमद्यादवान्वयान्नंवपूर्न्नचंद्रस्य (!) श्रीबुक्कक्ष्मा भुज (:) पुंण्य (परिपा)-

(२) करिणतमूर्त्तेस्सत्कीर्त्तेर्हरिहरमहाराजस्य पर्य्यायावतारादीरादेवराजादिव विजयश्रीवीर विजयनृपतिस्संजातस्त-

(३) त्माद्रोहणाद्रेरिव महामाणिक्यकांडो नीतिप्रतापस्थिरीकृतसाम्राज्यसिंहासनः। राजाधिराजराजपरमेश्वरादिविरुदविख्यातो गुणनिधिरभि-

(४) नवदेवराजमहाराजो निजाज्ञापरिपालितकर्न्नाटदेशमध्यवर्त्तिनः स्वावासभूतविजयनगरस्य कुमुकपर्न्नापणवीथ्यामाचंद्रतारमात्मकी-

(५) र्त्तिधर्म्मप्रवृत्तये। सकलज्ञानसाम्राज्यविराजमानस्य स्याद्वादविद्याप्रकटनपटीयसः पार्श्वनाथस्यार्हतः शिलामयं चैत्यालयमचीकरत् (॥)

(६) देशः कर्नाटनामा भूदावासः सर्व्वसंपदां। विडंबयति यः स्वर्गं पुरोडा शाशनाश्रयं ॥ (२) विजयनगरीति तस्मिन्नगरी नगरीति-

(७) रम्यहर्म्यास्ते। नगरिषु नगरी यस्या न गरीयस्येव गुरुभिरैश्वर्य्यैः ॥ (३) कनकोज्ज्वलसालरश्मिजालैः परिखांबुप्रतिबिंबतैरलं य (।)

(८) वसुधेव विभाति बाडबार्च्चिर्वृतरत्नाकरमेखलापरीता ॥ श्रीमानुद्दामधामा यदुकुलतिलकस्सारसौंदर्य्यसीमाधीमान्नामा-

(९) भिरामाकृतिरवनितले भाति भाग्यात्तभूमा (।) विक्रांत्याक्रांतदिक्को विमतधरणिभृत्पंकजश्रेणिविक्कः (।) क्षोण्यां जागर्त्ति बुक्काक्षितिपति-

(१०) रसिभूभृत्क्षिरशिधत्पृषत्कः ॥ (४) तत्प्राप्तात्मावतारस्फुरति हरिहरक्ष्मापतिज्ञप्तिसारो दारिद्र्यस्फारवाराकरतरणविधौ विस्फुरत्कर्णधारः। भू-

(११) दानस्वर्णदानानुकृतपरशुधृत्पद्मिनीबंधुसूनुस्फाराकूपारतीरावलिनिहितजयस्तंभविन्यस्तकीर्त्तिः ॥ (५) तेनाजन्यरिराजतल्लजशिर-

(१२) स्तोमस्फुरच्छेखरप्रत्युप्तोपलदीपिकापरिणमत्पादाब्जनीराजनः। विद्वत्कैरवमंडलीहिमकरो (वि) ख्यातवीर्य्याकर (:) श्रेयान्वीरर-

(१३) मास्वयंवृतवरः श्रीदेवराजेश्वरः ॥ (६) तज्जन्मास्मिन्वदान्यो ज (ग) ति विजयते पुण्यचारित्रमान्यो दानध्वस्तार्त्थिदैन्यो विजयनरपतिः खं-

(१४) डितारा (ति) सैन्यः। प्रत्युद्यज्जैत्रयात्रासमसमयसमद्भूतकेतुप्रसूत(स्फा)य(द्वा)त्योपहत्याप्रतिहतविमतौघप्रतापप्रदीपः ॥ (७)

(१५) तस्मादस्माज्जितात्माजनि जगति यथा जंभजेतुर्ज्जयंतो राजा श्रीदेवराजो विजयनृपति-
वाराशिराकाशशांकः । कोपाटोपप्रवृत्तप्रबलरणमिलद्विप्रतीपक्ष-

(१६) मापप्राणश्रेणिनभस्वन्निवहकबलनव्यग्रखड्गोरगेंद्रः ॥ (८) वीरश्रीदेवराजो विजयनृपताप-
स्सारसंजातमूर्त्तिर्भर्त्ता भूमेर्ब्बिभाति प्रणतरिपुततेरार्त्तिजातस्य हर्त्ता ।

(१७) क्रूरक्रोधेद्धयुद्धोद्धरकरटिघटाकर्णशूर्य्यप्रसर्प्पद्वातव्रातोपघातप्रतिहतविमतादभ्रभुत्यभ्रसंघः ॥
(९) यद्धाटीघोरघोटीखुरदलितधरारेणुभिर्व्वीर्य्यवन्हेर्द्धू-

(१८) म (स्तो) मायमानैः प्रतिनृपतिगणस्त्रीदृशः साश्रुधारा । प्रोद्यद्दर्प्पप्रभूतप्रतिभटसुभटा-
स्फोटनाटोपजाग्रद्रोषोत्कर्षांधकारद्युमणिरुदयते देवराजेश्वरोयं ॥ (१०)

(१९) विश्वस्मिन्विजयत्तितीशजनुषः श्रीदेवराजेशितुर्ल्लक्ष्मीं कीर्त्तिसितांबुजं कलयते शौर्य्याख्य
सूर्य्योदयात् । आशा यत्र पलाशतामुपगताः ।

(२०) स्वर्ण्णाचलः करिर्ण्णकाभृङ्गा दिक्षु मतंगजा जलधयो मारंदबिंदूत्कराः ॥ (११) विख्याते
विजयात्मजे वितरति श्रीदेवराजेश्वरे कर्ण्णस्याजनि व-

(२१) र्ण्णना विगलिता वाच्या दधीच्यादयः । मेघानामपि मोघता परिणता चिंता न चिंताम
(णे) : स्वल्पाः कल्पमहीरुहाः प्रथयते स्वर्णैंचिकी नीचतां ॥ (१२)

(२२) सोयं कीर्त्तिसरस्वती वसुमतीवाणीवधूभिस्समं भव्यो दीव्यति देवराजनृपतिर्भूदेवदिव्य
द्रुमः । यशौरिर्ब्बलियाचनाविरहितश्चंद्रः कलं-

(२३) कोज्झितः शक्रस्सत्यमगोत्रभिद्दिनकरश्चासत्पथोल्लंघनः ॥ (१३) मदनमनोहरमूर्त्तिः महिला-
जनमानसारसंहरणः । राजाधिराजराजादिमपदपरमेश्वरादिनि-

(२४) जबिरुदः ॥ (१४) शक्तौ बुक्कमहीपालो दाने हरिहरेश्वरः । शौर्य्ये श्रीदेवराजेशो ज्ञाने
विजयभूपतिः । (१५) सोयं श्रीदेवराजेशो विद्याविनयविश्रुतः । प्रा-

(२५) गुक्तपुरवीथ्यंतः पर्ण्णपूगीफलापणे ॥ (१६) शाकेब्दे प्रमिते याते वसुसिंधुगुणेंदुभिः । पराभ-
वाब्देकार्त्तिक्यां धर्म्मकीर्त्तिप्रवृत्तये ॥ (१७) स्या-

(२६) द्वादमतसमर्थं (न) खर्व्वितदुर्व्वादिगर्व्ववाग्विततते (:) । अष्टादशदोषमहामदगज निकुरंब-
महितमृगराजः ॥ (१८) भव्यांभोरुहभानोरिन्द्रादिसु-

२७ रेंद्रवृंदवंद्यस्य । मुक्तिवधूप्रियभर्त्तुः श्रीपार्श्वजि (ने) श्वरस्य करुणाब्धेः ॥ (१९) भव्य-
परितोषहेतुं शिलामयं सेतुमखिलधर्म्मस्य । चैत्यागारमचीकर-

(२८) दाधरणिद्युमणिहिमकरस्थैर्य्यं ॥ (२०)

इस लेख से प्रकट है कि शक सं० १३४८ पराभव वर्ष में विजयनगर की पानसुपारी नामक गली में महाराजाधिराज देवराज द्वितीय ने श्री अर्हत् पार्श्वनाथ का पाषाण का एक चैत्यालय बनवाया था। लेख में विजयनगर के यादववंशी राजाओं की वंशावली निम्न प्रकार दी है:—

१ यदुकुल के नृपति बुक्क;

२ उनके पुत्र हरिहर (द्वितीय) महाराज हुये;

३ उनके पुत्र देवराज (प्रथम) हुये;

४ उनके पुत्र विजय या वीरविजय हुये;

५ उनके पुत्र देवराज (द्वितीय) अथवा अभिनवदेवराज या वीरदेवराज महाराज, राजाधिराज, राजपरमेश्वर आदि हुये।

सम्राट् देवराज द्वि० के राज्यकाल में ही अब्दुल रज्ज़ाक़ नामक यात्री आया था। उसे समरकन्द के शाहरुख ने एलची के रूप में भेजा था। इस यात्री ने देवराज द्वि० के निम्न-लिखित सिक्के लिखे हैं:—

१ स्वर्ण:—(१) वराह, (२) परताब = ½ वराह. (३) फनम् = $\frac{1}{10}$ परताब।

२ चांदी:—तार = $\frac{1}{8}$

तांबा:—जीतल = ½ तार। इन सिक्कों पर हाथी या बैल का चिन्ह होता था और 'श्रीप्रतापदेवराय' लिखा रहता था। वराह pagoda के रूपमें होते थे। देवराज ने अपने साम्राज्य की नींव अपनी कुशल राजनीति और भुजविक्रम से सुदृढ़ बना दी थी। अपनी कीर्त्ति और पुण्यधर्म को यावद्चंद्रदिवाकर स्थायी करने के लिये उन्होंने उपर्युल्लिखित जिनमंदिर बनवाया था। म० पार्श्वनाथ को ज्ञान साम्राज्य का अधिनायक और स्याद्वाद का प्रचारक लिखा है। सम्राट् हरिहर द्वि० ने अपनी दिग्विजय के स्मारक रूप समुद्र तटके किनारे जयस्तंभों की कतार निर्मापी थी। देवराज की तलवार शत्रुओं के नाश करने के लिए हर समय तैयार रहती थी। शरणागत शत्रुओं को वह क्षमा कर देते थे। उनकी हाथियों की सेना के कान हिलाने से ही शत्रु दल उड़ जाता था। उनकी शरीराकृति कामदेव सदृश सुंदर थी। उनका गुत्ति नामक दुर्ग (Gooty in the Anantpur distt) प्रख्यात था। इस प्रकार विजय-नगर में जैनधर्मका प्रभाव फैला हुआ था।*

* गत मार्च में मैं स्वयं हम्पि गया था। राजमहल, रानीवास, दरबार हाल आदि यहाँ के वर्तमान ध्वंसावशेषों को देखकर सहृदय दर्शकों के नेत्र तत्काल ही भर आते हैं। हम्पि के महत्त्वपूर्ण प्राचीन इतिहास से अपरिचित एक साधारण विचारशील दर्शक भी इन ध्वंसावशेषों को देखकर इसके गत वैभव को आसानी से परख लेगा। हम्पि के प्राचीन स्मारकों में यहाँ के जैन मन्दिर ही सर्व प्राचीन हैं। 'Hampi Ruins' 'विजयनगर साम्राज्य' आदि रचनाओं के विज्ञ रचयिताओं के कथनानुसार ये भव्य मन्दिर विजयनगर साम्राज्य के स्थापित होने के पूर्व ही विद्यमान थे। मन्दिरों की बनावट आदि से भी यह बात सत्य सिद्ध होती है। बल्कि जहाँ पर ये मन्दिर विराजमान हैं, वह स्थान इतना सुन्दर है कि

इसे नगर की नाक कहा जाय तो भी अत्युक्ति नहीं होगी। घंटों बैठने पर भी यहाँ से हटने की इच्छा ही नहीं होती। हम्पि के शिलामय ये भव्य मन्दिर उन्नत एवं विशाल एक चट्टान के ऊपर एक ही पंक्ति में सुन्दर ढंग से निर्मित हैं। इन मन्दिरों के नीचे थोड़ी ही दूर पर वह पुराना विशाल राजपथ मौजूद है, अब्दुल रज़ाक के शब्दों में जिसमें उस जमाने में मोती, लाल, हीरा आदि बहुमूल्य रत्न बिका करते थे। बल्कि इसी राजपथ में हम्पि का सुविख्यात, विशाल विरूपाक्ष मन्दिर वर्तमान है। उक्त जैन मन्दिर और इस विरूपाक्ष मन्दिर के बीच में भी दो-चार छोटे-छोटे अन्यान्य हिन्दू मन्दिर उपस्थित हैं। इस विशाल राजपथ में आज भी उस जमाने के बहुत-से शिलामय भवनों के भग्नावशेष नज़र आते हैं। राजवीथि से थोड़ी ही दूर पर पूर्व दिशा में तुंगभद्रा नदी सुशान्त हो बह रही है। नदी के उस पार सघन जंगल बीच-बीच के बड़े-बड़े चट्टानों से दर्शकों को बड़ा ही चित्ताकर्षक मालूम देता है। इसी हम्पि को प्राचीन पम्पा कहते हैं, जहाँ पर रामायण काल में हनुमान ने राम-लक्ष्मण से भेंट की थी। खैर, हम्पि के विषय में यथावकाश मैं एक स्वतन्त्र लेख ही लिखूँगा। बल्कि 'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' भाग २, पृष्ठ १३२ में 'विजयनगर साम्राज्य और जैनधर्म' शीर्षक मेरा एक लेख पहले प्रकाशित हो भी चुका है।

—के० भुजबली शास्त्री

पार्श्वदेवकृत 'संगीतसमयसार'

[ले० श्रीयुत बा० अ० नारायण मोरेश्वर खरे]

अनु० शान्तिलाल जैन, शास्त्री, बनारस

[भाग ६, किरण २, पृष्ठ ६० से आगे]

संगीतरत्नाकर में भी लिखा है कि मालवकैशिक ग्रामराग से ही मालवश्री की उत्पत्ति हुई है। उसका लक्षण इस प्रकार है।

.....मालवश्रीस्तदुद्भवा ।
समस्वरा तारमन्द्रषड्जांशन्यासषड्जभाक् ॥ सं. रत्नाकर २-७२

८. वराटी

विभाषा रागराजस्य पंचमस्य वराटिका ।
धांशा षड्जग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा ।
समश्लेषस्वरा पूर्णा शृंगारे याष्टिकोदिता ॥ सं. समयसार

संगीतसमयसार के कर्त्ता "याष्टिक" की वराटी राग की व्याख्या देते हैं। संगीतरत्नाकर की व्याख्या के अनुसार वराटीराग "भिन्नपंचम" ग्राम राग में से उत्पन्न हुआ है—

.....वराटी स्यात्तदुद्भवा ।
धांशा षड्जग्रहन्यासा समन्द्रा तारधैवता ।
समेत(समवेत)स्वरा गेया शृंगारे शार्गिसम्मता ॥ सं. रत्नाकर, २-८६

दोनों के लक्षण समान हैं, केवल मन्द्र व्याप्ति में अन्तर है।

९. गौडः

गौडः स्याट्टक्करागांगं निन्यासांशग्रहान्वितः ।
वर्जितः पंचमेनैव रसे वीरे नियुज्यते ।
रागे रंगनिषादिन्या वदन्ति न तु मे मतम् ॥ सं. समयसार

रत्नाकर में टक्क राग के नीचे गौड़ राग का लक्षण इस प्रकार दिया है—

गौडस्तदंगविन्यासग्रहांशः पंचमोज्झितः । सं. रत्नाकर, २-९२

गौड़ राग के लक्षण में दोनों ग्रन्थकार अपनी अपनी व्याख्या में पंचम को वर्जित मानते हैं, परन्तु रत्नाकर की व्याख्या में 'विन्यास' शब्द है। वहां 'नी-न्यास' ऐसा शब्द होना चाहिए। यदि संगीतसमयसार के लक्षण की परीक्षा करें तो उसमें यह स्पष्ट ही है कि केवल ग्रह, अंश, न्यास और स्वर बदलने से राग का स्वरूप ही भिन्न हो जाता है।

१०. धन्नासी

अंगं धन्नासिका प्रोक्ता शुद्धकैशिकमध्यमे ।
षड्जांशग्रहमन्यासा षाडवा ऋषभोज्झिता ।
गान्धारपंचमस्वल्पा रसे वीरे नियुज्यते ॥ सं. समयसार

सं. रत्नाकर में "शुद्धकैशिक मध्यम म ग्रामराग" के नीचे धन्नासी की व्याख्या इस प्रकार दी है—

तज्जा धन्नासिका षड्जग्रहांशन्यासमध्यमा ।
रिवर्जिता गपाल्पा च वीरे धीरैः प्रयुज्यते ॥ सं. रत्नाकर, २-१००

दोनों के लक्षण एक ही हैं ।

११. गुणडकृतिः

देशहिन्दोलरागांगं षड्जांशन्याससंयुता ।
रिधत्यक्ता गतारा च शेषैरान्दोलिता स्वरैः ॥
पमन्द्रा हास्यशृंगारे गेया गुणडकृतिर्भवेत् ॥ सं. ससयसार

संगीतरत्नाकर में इसी का "गौडकृति" नाम है—

षड्जांशग्रहणन्यासां मतारां मपभूयसीम् ।
रिधत्यक्तां पमन्द्रा च तज्जा गौडकृतिं जगुः ॥ सं. रत्नाकर, २-१३०

दोनों के लक्षण प्रायः मिलते जुलते हैं । परन्तु समयसार में "गतारा" लिखा है अर्थात् तार सप्तक के गन्धार स्वर तक उसकी व्याप्ति है; जबकि रत्नाकर में "मतारा" है जिसका अर्थ होता है "तार-म" तक व्याप्ति । इस दोनों में केवल इतना ही भेद है ।

१२. गुर्जरी

रिग्रहांशा च मन्यासा जाता पंचमषाडवात् ।
ममन्द्रा च नितारा च रिधाभ्यामपि भूयसी ।
गुर्जरी ताडिता पूर्णा शृङ्गारे विनियुज्यते ॥ सं. समयसार

संगीतरत्नाकर में "पंचम षाडव राग" के नीचे गुर्जरी की व्याख्या इस प्रकार दी है—

तज्जा गुर्जरिका मान्ता रिग्रहांशा ममध्यभाक् ।
रितारा-रिधभूयिष्ठा शृंगारे ताडिता मता ॥ सं. रत्नाकर, २-८९

यहां दोनों के लक्षणों में थोड़ा भेद है । शायद छपाने में भूल हो अथवा मूल प्रति में ही कुछ गड़बड़ हो । क्योंकि चिह्नित शब्दों के सिवाय बाकी सभी लक्षण एक ही हैं; जैसे कि "रिग्रहांशा", "मन्यासा", "रिधाभ्यामपि भूयसी" । तथा "ताडिता" "शृंगारे" इत्यादि लक्षण भी एक ही हैं । "रितारारिधभूयिष्ठा" ऐसा रत्नाकर का पाठ है । उसके स्थान में "नितारारिधभूयिष्ठा" होना चाहिए क्योंकि तार री स्वर की व्याप्ति होने पर तो सामान्यतः राग की व्याप्ति दो सप्तक से कम ही होनी चाहिए । इसी प्रकार "ममध्यभाक्" के

स्थान पर ममन्द्रभाक् होना चाहिए। क्योंकि इस राग की व्याप्ति मन्द्र सप्तक में किस स्वर तक और तार सप्तक के किस स्वर तक होती है, इसका स्पष्टीकरण ऊपर के दो श्लोको में है।

भाषाङ्गराग

१. वेलाउली (वेलावली)

कुकुभप्रभवा भाषा या प्रोक्ता भोगवर्धिनी।
वेलाउली तदंगं स्यात् परिपूर्णसमस्वरा ॥३४॥
धैवतांशग्रहन्यासा धतारा मन्द्रमध्यमा।
षड्जेन कम्पिता सेयं विप्रलम्भे नियुज्यते ॥३५॥

संगीतरत्नाकर में भी बतलाया है कि "ककुभ राग" में से निकली हुई "भोगवर्धिनी भाषा" में से वेलावली उत्पन्न हुई है—

तज्जा वेलावली तारधा गमन्द्रा समस्वरा।
धाद्यन्तांशा कम्पषड्जा विप्रलम्भे हरिप्रिया ॥ २-११५

इनमें लक्षण तो एक ही हैं, मात्र मन्द्रव्याप्ति के संबंध में मतभेद है।

१. सायरी (आसावरी)

ककुभोत्था रगं ह्यंगं धान्ता मध्यग्रहांशका (?) (मांशा च मंगल)
गतारा स्वल्पषड्जा च पंचमेन विवर्जिता।
मन्द्रा सा सायरी ज्ञेया कर्त्तव्या करुणे रसे ॥३९॥ सं. समयसार

रत्नाकरे—रगंति भाषा में से :—

तद्भवाऽसावरी धान्ता गतारा मन्द्रमध्यमा।
भग्रहांशा स्वल्पषड्जा करुणे पंचमोज्झिता ॥

दोनों के लक्षण एक ही हैं। "मध्यग्रहांशका" में "मध्य" का अर्थ "मध्यमस्वर" समझना चाहिए। प्रयोग भी इसी अर्थ में है।

१३. देशाख्यः

गान्धारपंचमा जाता ऋषभेण विवर्जिता।
ग्रहांशन्याससम्बन्धगान्धारा च समस्वरा ॥
निषादमन्द्रा गान्धारस्फुरितेन विराजिता।
षाडवा यदि रागांगं वंशे पूर्णे च दृश्यते ॥
देशाख्य..... सं. समयसार

संगीतरत्नाकर में "गान्धारपंचम" ग्राम राग के नीचे देशाख्य का स्वरूप इस प्रकार दिया है—

तज्ज्ञा स्फुरति गान्धारा देशाख्या वर्जितर्षभा ।
ग्रहांशन्यासगान्धारा निमन्द्रा च समस्वरा ॥सं. रत्नाकर

संगीतरत्नाकर का उपर्युक्त श्लोक त्रुटित प्रतीत होता है। तो भी उसमें आया हुआ लक्षण संगीतरत्नाकर (?) के साथ मिलता है। "षाडवा यदि रागांगं वंशे पूर्णे च दृश्यते" इस पंक्ति का सम्बन्ध ठीक ठीक ज्ञात नहीं होता।

१४. देशी

स्याद (स्यादंगरं) रंगरेव (?) गुप्तस्य गमन्द्रा पंचमोज्झिता ।
ऋषभांकग्रहन्यासा तथा समनिभूयसी ।
देशी नाम प्रयोक्तव्या रागोऽयं करुणे रसे ॥सं. समयसार

संगीतरत्नाकर में भी ऐसा ही लक्षण है और वह "रेवगुप्तराग" के नीचे ही दिया है—

तज्ज्ञा देशी रिग्राहांशन्यासा पंचमवर्जिता ।
गान्धारमन्द्रा करुणे गेया मनिसभूयसी ।
देशी नाम प्रयोक्तव्या रागोऽयं करुणे रसे ॥सं. रत्नाकर, २-१०३

देशी राग के दोनों के लक्षण देखने पर समान ही प्रतीत होते हैं। इस प्रकार पार्श्वदेव के दिए हुए "रागांग राग" हम देख गए। अब कुछ "भाषांग राग" (?) और "उपांग राग" देखें।

उपांग राग

१. भैरवी

भिन्नषड्जसमुद्भूता धांशन्यासग्रहान्विता ।
समशेषस्वरा पूर्णगान्विता तारमन्द्रयोः ।
देवादिप्रार्थनायां तु भैरवी विनियुज्यते ॥सं. समयसार
धांशन्यासग्रहा तारमन्द्रगान्धारशोभिता ।
भैरवी भैरवोपांगं समशेषस्वरा भवेत् ॥सं. रत्नाकर, २-१४४

इन दोनों के लक्षण समान ही हैं। पहले में "भिन्नषड्जसमुद्भूता" कहा है और दूसरे (सं. रत्नाकर) में "भैरवी भैरवोपांगं" कहा है। इनका अर्थ एक ही होता है क्योंकि भैरव राग भी "भिन्नषड्ज" में से ही उत्पन्न हुआ है यह हम ऊपर देख गए हैं। छह राग और छत्तीस (तीस ?) रागिनिओं के प्रपंच करने वाले ग्रन्थ भी भैरवी रागिनी को भैरवराग की स्त्री मानते हैं और ऐसा कहा है कि वह महादेव की पूजा करके प्रार्थना करती है। कि—

स्फटिकरचितपीठे रम्यकैलासशृंगे;
विकचकमलपत्रैरर्चयन्ती महेशम् ।
करधृतघनवाद्या पीतवर्णायताक्षी;

सुकविभिरियमुक्ता भैरवी भैरवस्त्री ॥
मल्हार एवं मल्हारी—
लक्षणं विनियोगश्च भवेन्मल्हारिकासमम् ।
मल्हारस्य गतित्यागः पंचमं स्फुरणं भवेत् ॥सं. समयसार

इसमें मल्हार राग का लक्षण देखने पर मल्हारी जैसे ही उसके स्वर प्रतीत हैं, परन्तु मल्हार में ग और नी स्वरों का त्याग बतलाया है। अब मल्हारी का लक्षण देखें—

मल्हारी—

अन्धालिकांगमल्हारी मध्यमांशग्रहान्विता ।
रिमन्द्रा च गशून्या च शृंगारे ताडितस्वरा ॥

इसमें मल्हारी आंधालिका का अंग है, ऐसा कहा है। अब संगीतरत्नाकर में आए हुए दोनों रागों के लक्षण की भी जाँच करें।

मल्हारी—

मल्हारी तदुपांगं स्यादगहीना मन्द्रमध्यमा ।
पंचमांशग्रहन्यासा शृंगारे ताडिता मता ॥सं. रत्नाकर, अ० २-१५६

"आंधाली भाषाराग" के नीचे ही मल्हारी राग दिया है। जिस प्रकार मल्हारी के लक्षण के विषय में दोनों ग्रन्थकारों का मतभेद है—एक में "मध्यमांश" है, दूसरे में "पंचमांश" है—उसी प्रकार एक में "रिमन्द्रा" अर्थात् ऋषभ स्वर तक मन्द्रव्याप्ति है तो दूसरे में "मन्द्रमध्यम स्वर" तक है।

अब मल्हारः —

आंधाल्युपांगमल्हारः षड्जपंचमवर्जितः ।
धन्यासांशग्रहो मन्द्रगान्धारतारसप्तमः ॥ सं. रत्नाकर, अ० २-१५७

मल्हार राग आन्धाली राग का उपांग राग है। इसमें षड्ज और पंचम स्वर वर्जित हैं। धैवत अंश, ग्रह और न्यास है। मन्द्रसप्तक में "गान्धार" स्वर तक और तारसप्तक में "सप्तम" अर्थात् "निषाद" स्वर तक उसकी व्याप्ति है।

मल्हार राग के विषय में दोनों ग्रंथों में पूरा मतभेद दिखाई देता है। एक में "ग नी" स्वरों का निषेध वर्जित है तो दूसरे में "सा प" का। दोनों केवल आंधाली का उपांग मात्र मानते हैं।

इसलिए थाट् (ठाट) तो एक ही होगा।

रागों के ऊपर इतना विवेचन पर्याप्त होगा। राग के लक्षण दो प्रकार के दिए हैं—सामान्य और विशेष उनमें प्रत्येक के चार प्रकार के लक्षण हैं। अंश स्वर की व्याख्या दस लक्षणों से युक्त दी है जो कि नाट्यशास्त्र में से ही ली गई है।

४ चतुर्थ अधिकरण के प्रारम्भ में प्रबंध की व्याख्या दी है। जो व्याख्या सोमनाथ ने अपने रागविबोध ग्रन्थ में उद्धृत की है, वह तो ऊपर ही बतला दी गई है। चार धातु और छह अङ्गों से जिसका नियमन होता है वह प्रबंध। जिस प्रकार आस्थायी, अंतरा आभोग और संचारी आजकल भी ध्रुपद आदि के प्रबंधक धातु कहे जाते हैं। उसी प्रकार पहले के प्रबंधगीतों में भी वह व्यवस्था थी और उसी को ग्रंथकार ने इस अधिकरण में बतलाया है। इसके पश्चात् पाद, बंध, स्वरपद, चित्र, तेन, मिश्र इत्यादि करणों की व्याख्या, एकादश ध्रुवों के अनन्तर उनका उपयोग करने का तरीका बतलाने के बाद अधिकरण समाप्त किया है। प्रत्यक्ष गायन किस प्रकार करना चाहिए इसके बारे में महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ भी दी हुई दिखाई पड़ती हैं।

५. पंचम अधिकरण में अनवद्यादि चार प्रकार के वाद्यों के भेद बतला कर के तत्सम्बन्धी परिभाषिक शब्द भी समझाए हैं। यह भाग सम्भवतः नाट्यशास्त्र में से ही लिया हुआ मालूम पड़ता है। पाठवाद्य के बारह प्रकार बतला कर के उन अक्षरों को किस प्रकार बजाना चाहिए—यह बतलाने का भी प्रयत्न किया है।

६. छठे अधिकरण में नृत्य और अभिनय के बारे में लिखा है। अंग विक्षेप के अनेक विभिन्न प्रकार दिए हैं। ये सब प्रकार नाट्यशास्त्र में वर्णित प्रकारों से भिन्न प्रतीत नहीं होते।

७. सातवें अधिकरण में ताल का उद्देश, उसका लक्षण और उसके नाम दिए हैं। यह सारा वर्णन रत्नाकर से मिलता जुलता है। अन्त में एक सुन्दर श्लोक दिया है जो इस प्रकार है—

तालमूलानि गेयानि ताले सर्वं प्रतिष्ठितम्।
तालहीनानि गेयानि मंत्रहीना यथाहुतिः॥

इस प्रकार संगीत में ताल का कितना महत्त्व है यह इस श्लोक में बतलाया है।

८. आठवें अधिकरण का नाम गीताधिकरण रखा है। गीत किस तरह गाना ?, गीत के गुण तथा दोष कैसे होते हैं ?, क्रियावान् पण्डित किसे कहना ?, सभा में किस तरह गाना ?, किस तरह बैठना ?, वाग्यवेकार(?), उत्तम नर्तक, तथा वादक किसे कहना ? इनके बारे में अत्यंत सूक्ष्म ज्ञातव्य बातें दी हुई हैं। उत्तम, मध्यम और कनिष्ट गायक किसे कहना, तथा नायक किसे कहना इसके बारे में भी जानने योग्य बातें दी हैं। इस प्रकार यह महत्त्वपूर्ण अधिकरण है।

९. नवें अधिकरण में प्रस्तार, नष्ट, उद्दिष्ट आदि देने के बाद अधिकरण समाप्त किया है।

इस प्रकार इस ग्रंथ का यथाशक्य संक्षिप्त अवलोकन किया। तत्कालीन देशी संगीत के बारे में कुछ जानने के लिए इतना विवेचन पर्याप्त होगा। ग्रंथकार स्वयं मार्ग-

संगीत के झगड़े में नहीं पड़ा है। उन्होंने तो केवल देशी सङ्गीत के विषय में ही लिखा है। इस ग्रंथ का प्रचार कर्णाटक और उसके आसपास के प्रांतों में विशेष होना चाहिए। क्योंकि ग्रंथ में वर्णित संगीत दक्षिण पद्धति का है और इसीलिए दक्षिण पद्धति के समर्थक सोमनाथ ने इस ग्रंथ का भी उल्लेख किया है, जो कि समुचित ही है। ऊपर कहा गया है कि प्रस्तुत ग्रंथ खण्डित है। पं० विष्णु शर्म्मा कृत "हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति भाग २" में संगीत समयसार का उल्लेख श्रुति पर विवेचन करते हुए, किया है। उसमें ऐसा लिखा है कि प्रस्तुत ग्रंथकार ने सारंगदेव के "संगीतरत्नाकर" में से बहुत से विधान लिए हैं। परंतु पं० विष्णु शर्मा ने पार्श्वदेव के संगीतसमयसार ग्रंथ में से जो वाक्य उद्धृत किए हैं वे त्रिवेन्द्रम् की प्रकाशित पुस्तक में देख नहीं पड़ते। इसलिए ऐसा मालूम होता है कि उनके पास शायद दूसरी प्रति हो। प० विष्णु शर्मा द्वारा उद्धृत वाक्यों को देखते ही ऐसा प्रतीत होता है कि वे वाक्य संगीतसमयसार के कर्ता ने रत्नाकर से लिए होंगे। परंतु संगीतरत्नाकर से पूर्व के "संगीतमकरन्द" नामक ग्रन्थ में भी, जो कि अभी ही गायकवाड़ ओरिएण्टल सिरीज़ में प्रकाशित हुआ है, ये वाक्य मिलते हैं। इसलिए ये वाक्य किस ग्रन्थ में से किसने लिए हैं, यह निश्चित करना कठिन है। प्राचीन समय से प्रचलित अमुक मत विषयक विवेचन अनेक ग्रन्थों में समान हो सकता हैं।

प० विष्णु शर्मा द्वारा उद्धृत वाक्य इस प्रकार हैं—

अत्रोच्यते स्वरादीनामुत्पत्तिहेतुर्वात स्थानम्। त्रीणि स्थानानि हृत्कण्ठशिरांसि इति समासतः।

द्वे वीणे तुलिते कार्येऽखिलावयवस्तथा।
एकं वीणैव भासेते यया द्वे ह्यपि शृण्वताम्॥
श्रुतिराद्या मन्द्रतमध्वानां(?) कार्या (विचक्षणैः)।
द्वितीया तु ततस्तीव्रध्वनिस्तन्त्री विधीयते।
यथा तथा तयोर्मध्ये न तृतीयो ध्वनिर्भवेत्॥

इस ग्रन्थ का दूसरा उपयोग पं० विष्णु शर्मा ने उसी हिन्दुस्तानी सङ्गीत पद्धति भाग २ में भैरव राग के ऊपर विवेचन करते समय किया है। वहाँ उन्होंने पार्श्वदेव के रागों का वर्गीकरण दिया है। उस वर्गीकरण में एक सौ दो राग दिए हैं जब कि प्रस्तुत प्रकाशित पुस्तक में एक सौ तीन हैं। पं० विष्णु शर्मा लिखते हैं कि 'रत्नाकर में से बातें लेकर के उन्होंने अपने ग्रन्थ में दी हैं परन्तु उसका कठिन भाग तो प्रस्तुत ग्रंथकारने भी ठीक ठीक समझा नहीं है।'

पं० विष्णु शर्मा की प्रति और प्रकाशित प्रति के मिलाने के बाद यदि शुद्ध प्रति तैयार की जायगी तो उस समय के देशी सङ्गीत पर कुछ अधिक प्रकाश पड़ेगा—ऐसा कहकर यह विवेचन पूर्ण करता हूँ।

सं. नोटः इस 'संगीत-समयसार' के रचयिता पार्श्वदेव निस्संदेह जैन धर्मावलम्बी हैं, यह बात आगे के फुट नोटों से स्वयं स्पष्टहो जायगी। अतः यहां पर इस बात की अधिक छानबीन करने की आवश्यकता नहीं दीखती। इनके समय के सम्बन्ध में मोरेश्वरजी का कहना है कि "ग्रन्थकार स्वयं द्वितीय अधिकरण के प्रथम श्लोक में ही भोजराज और सोमेश्वर का उल्लेख करते हैं। भोजराज का समय ई० सन् १०५३ और सोमेश्वर का ई० सन् ११८३ है। इस प्रमाण से ग्रन्थकार अथवा ग्रन्थ का समय ई० सन् ११८३ के बाद का सिद्ध होता है।" इसी विषय पर 'Classical Sanskrit Literaturc' के विद्वान् लेखक एम. कृष्णमाचारियर ने निम्न प्रकार अपना अभिप्राय व्यक्त किया है: "यह (पार्श्वदेव) भोजराज, सोमेश्वर एवं परमार्दिन् का उल्लेख करते हैं और स्वयं सिंग (सिंह) भूपाल के द्वारा स्मरण किये गये हैं। अतः आप १३ वीं शताब्दी में अवश्य जीवित थे।"* इस प्रकार पार्श्वदेव के समय के सम्बन्ध में दोनों विद्वान् एकमत हैं।

अब पार्श्वदेव के वंश तथा गुरु-परम्परा को लीजिये। इस संबंध में मोरेश्वरजी तो सर्वथा मौन हैं। हां, कृष्णमाचारियर इन्हें स्पष्ट श्रीकान्त जाति के आदिदेव एवं गौरी के पुत्र तथा महादेवार्य के शिष्य बतलाते हैं।† ज्ञात होता है कि उक्त विद्वान् को संगीत-समयसार की किसी हस्तलिखित प्रति में यह बात उपलब्ध हुई होगी। क्योंकि त्रावंकोर से प्रकाशित संगीतसमयसार की मुद्रित प्रति में कहीं भी इनके माता-पिता के नाम नहीं मिलते हैं। पार्श्वदेव की 'श्रुतिज्ञानचक्रवर्त्ती,' 'संगीताकर' आदि उपाधियों से यह बात स्पष्ट सिद्ध होती है कि आप संगीतशास्त्र के एक प्रकाण्ड विद्वान् थे। वास्तव में इनका संगीत-समयसार ग्रन्थ अपने विषय की एक महत्त्वपूर्ण कृति है। जहाँ तक मेरा खयाल है कि संगीत-विषय-प्रतिपादक स्वतन्त्र जैन कृतियों में यह संगीतसमयसार ही सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ है। कवि पार्श्वदेव के मत से संगीत ही मोक्षप्राप्ति का एक सुगम उपाय है, दर्शनशास्त्र नहीं। कहने का आशय यही है कि जैनधर्म में भी संगीत की पर्याप्त प्रतिष्ठा है। हमें स्थानाङ्गसूत्र पर की अभयदेव की टीका (ई० सन् १६०३), भद्रबाहुकृत कल्पसूत्र पर की विनयविजय (ई० सन् १७ वीं शताब्दी) की टीका, हरिभद्रकृत आवश्यकवृत्ति पर का हेमचन्द्र (ई० सन् ११ वीं शताब्दी) का टिप्पण, श्राद्धप्रतिक्रमण पर की रत्नशेखर की टीका (ई० सन् १४९६) और अनुयोगद्वारसूत्र पर का मलधारी हेमचन्द्र (ई० सद् १२ वीं

*—Classical Sanskrit Literature. पृष्ठ ८५५।

†—"श्रीमदभयचन्द्रमुनीन्द्रचरणकमलमधुकरायितमस्तकमहादेवार्यशिष्यस्वरविमलविद्यापुत्र-सम्यक्त्वचूडामणिभरतभाणडीकभाषाप्रवीणश्रुतिज्ञानचक्रवर्तिसङ्गीताकरनामधेयपार्श्वदेवविरचिते सङ्गीतसमयसारे" परन्तु संगीतसमयसार की मुद्रित प्रति में यह अंश इस प्रकार मिलता है: "श्रीमदभिनवभरताचार्यसरविमलहेम्मंणार्यविद्यापुत्रश्रुतिज्ञानच(क्र)वार्तिसङ्गीताकरनामधेयपार्श्व-देवविरचिते सङ्गीतसमयसारे"।

शताब्दी) का टिप्पण आदि श्वेताम्बर सूत्रग्रन्थों की टीकाओं से भी संगीतशास्त्र की अनेक ज्ञातव्य बातों की विशद चर्चा उपलब्ध होती है।* मोरेश्वरजी ने पार्श्वदेव को दाक्षिणात्य अनुमान करते हुये यों लिखा है : "स्थायी के नामों को देखते हुये ऐसा मालूम होता है कि ग्रन्थकार ने महाराष्ट्र तथा कर्णाटक में प्रचलित संगीत की ओर विशेष ध्यान दिया है। कर्णाटक के नाम बहुत बार देखने में आते हैं। इससे ग्रन्थकार स्वयं कर्णाटक की ओर के हों ऐसी सम्भावना होती है।" मोरेश्वरजी के इस अनुमान से मैं भी सर्वथा सहमत हूं।

एक बात और उल्लेख कर देना है। वह यह है कि कृष्णमाचारियर के कथनानुसार पार्श्वदेव ने अपने ग्रन्थ में राजा प्रताप, दिगम्बरसूरि और शंकर का उल्लेख किया है।† परन्तु पता नहीं चलता है कि दिगम्बरसूरि से पार्श्वदेव ने किनका स्मरण किया है। यह नाम है भी कुछ विलक्षणसा। साथ ही साथ संगीतसमयसार की अंतिम पुष्पिका में कवि पार्श्वदेव के द्वारा सादर स्मरण किये गये मुनीन्द्र अभयचन्द्र एवं गुरु महादेवार्य का भी कुछ पता नहीं लगता। संभव है कि पार्श्वदेव के द्वारा स्मृत मुनीन्द्र अभयचन्द्र और गोम्मटसार की वृत्ति, शाकटायनप्रक्रियासंग्रह आदि के रचयिता आचार्य अभयचन्द्र ये दोनों अभिन्न व्यक्ति हों। इन दोनों के काल में भी विशेष अंतर नहीं है। यों तो एक दो अभयचन्द्र और भी हुए हैं। खैर, इन सब बातों का पता लगाने के लिये कुछ समय चाहिये। इसलिये इस समय यह विषय यहीं पर छोड़ दिया जाता है।

—के० भुजबली शास्त्री

---

*—'जैन-सिद्धान्त-भास्कर' भाग ७, पृष्ठ १९ देखें।

†—पञ्चतालेश्वरो यद्वा हृद्यं गद्यमथापि वा। आलिक्रमोऽयमेवोक्तः प्रतापपृथिवीभुजा॥
केशवबन्धकरौ प्रोक्तौ तौ दिगम्बरसूरिणा। उत्तानावाञ्चितौ किञ्चित् पार्श्वगौ त्रिपताकरौ॥
सकलं निष्कलं चेति वाद्यमेतत् द्विधा भवेत्। कथितं शंकरेणेदं एके तन्त्रीसमाश्रयम्॥
(Classical Sanskrit Literature. pp. 855—56)

खगेन्द्रमणिदर्पण

[ले० श्रीयुत पं० के भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण]

यह विषशास्त्र-सम्बन्धी ग्रन्थ है। इसके रचयिता कवि मंगराज हैं। इनका जन्म-स्थान वर्तमान मैसूर राज्यान्तर्गत मुगुलिपुर था। इन्हें उभयकवीश, कविपद्मभास्कर और साहित्यवैद्यविद्याम्बुनिधि ये उपाधियाँ प्राप्त थीं। इन उच्च उपाधियों से पता चलता है कि मंगराज कन्नड और संस्कृत दोनों भाषाओं के प्रौढ़ कवि थे। स्वर्गीय आर० नरसिंहाचार्य के मत से इनका समय लगभग ई० सन् १३६० है। मंगराज जैनधर्मावलम्बी हैं इसलिये इन्होंने आचार्य पूज्यपाद एवं जिनेन्द्र भगवान की उक्तियों को ही उपर्युक्त अपनी कृति का आदर्श माना है।

कवि ने इस ग्रन्थ का नाम खगेन्द्रमणिदर्पण रखा है। लोक में प्रसिद्धि है कि पक्षिराज गरुड सर्पों का वैरी है और वह सर्पविष दूर करता है। इसी प्रकार गरुडमणि भी लोक में विषनिवारक माना जाता है। अतएव खगेन्द्रमणि शब्द का लाक्षणिक अर्थ विषापहार के उपाय मानकर मंगराज ने विषापहार के उपाय के लिये दर्पणसदृश अर्थात् विषापहार के उपाय को स्पष्ट बतलाने वाला—यों इसका यह अन्वर्थ नाम रखा है। ग्रन्थकर्त्ता इसमें सर्पादि स्वाभाविक विषों के अतिरिक्त हमलोगों के रोज के आहार के काम में आने वाले चावल, गेहूं, मडवा आदि सभी चीजों में विष बतलाते हैं और साथ ही साथ उसका उपचार भी। इस खगेन्द्रमणि-दर्पण में १६ अधिकार हैं। कवि का कहना है कि ये १६ अधिकार तीर्थंकरपुण्यकर्म के निदान-स्वरूप षोडश भावनाओं के स्मृति-चिह्न हैं। यह है शास्त्रग्रन्थ। फिर भी इसमें काव्य के समान जहाँ-तहाँ अपूर्व अर्थ-पोषक अनेक उपमान भी उपलब्ध हैं। ग्रन्थ में यत्र-तत्र बहुतसे अपूर्व संस्कृत शब्द भी देखने को मिलते हैं।

यह ग्रन्थ कंद और वृत्तों में रचा गया है। फिर भी इसमें उत्पलमाला, शार्दूल, चम्पक, स्रग्धरा आदि सुप्रसिद्ध अक्षरगणवृत्त भी जहाँ-तहाँ उपलब्ध होते हैं। दो-चार अनुष्टुप पद्य भी इसमें मिलते हैं। कवि का कहना है कि यह ग्रन्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्षरूप चारों पुरुषार्थों के स्वरूप को बतलाता है। बल्कि कवि ने इसे 'मृतसंजीवनी' अथवा 'जीवितचिन्ता-मणि' भी कहा है। एक दृष्टि से यह है भी ठीक।

अस्तु, ग्रन्थ के प्रत्येक अधिकार के विषय निम्न प्रकार हैं :

प्रथम अधिकार—इसमें मंगलपूर्वक स्थावर, जंगम और कृत्रिम आदि विषों के भेद, सर्पों की जातियाँ, औषधों का संग्रहकाल, औषधों के प्रसवादि भेद एवं उनकी शक्तियाँ, सद्वैद्यलक्षण और दुर्वैद्यलक्षण आदि कहे गये हैं।

द्वितीय अधिकार—इसमें स्थावरविष के भेद, विषाक्रान्तलक्षण तथा उसका परिहार, नस्य, पान, लेप और अंजन आदि चार प्रकार के औषध एवं अनेक मन्त्र उक्त हैं।

तृतीय अधिकार—दष्ट के लिये किये जाने वाले संग्रहादि आठ प्रकार के कार्य, अष्टकुलसर्पलक्षण, दंशप्रकार तथा लक्षण, दंशनवार, दूतलक्षण और साध्यासाध्यादिनिश्चय आदि अनेक प्रकार के दष्टशोधन के भेद प्रतिपादित हैं।

चतुर्थ अधिकार—इसमें दष्ट के लिये किये जाने वाले संग्रहादि अष्टविध शोधन कार्य के विधान अनेक मन्त्रों के साथ बतलाये गये हैं।

पंचम अधिकार—इसमें विष को निर्मूल करने वाले अनेक प्रकार के बनौषध मन्त्रों के साथ कहे गये हैं।

षष्ठ अधिकार—इसमें विष को दूर करने वाले अनेक प्रकार के अंजन उक्त हैं।

सप्तम अधिकार—इसमें विषको नष्ट करने वाले बहुत-से नस्य कहे गये हैं।

अष्टम अधिकार—इसमें विषको नाश करने वाले अनेक प्रकार के लेपों का वर्णन है।

नवम अधिकार – इसमें पानादि सभी क्रियाओं के लिये औषध बतलाये गये हैं।

दशम अधिकार—इसमें मंडलजाति के सर्पों के भेद, दंशलक्षण तथा उसके परिहार उक्त हैं।

एकादश अधिकार—इसमें बिच्छू के भेद और उनके काटने पर किये जाने वाले पान, अंजन, नस्य और लेप आदि का वर्णन है।

द्वादश अधिकार—इसमें चूहों के भेद और उनके विषको दूर करने के लिये नस्य, पान, लेप और अंजन वगैरह वर्णित हैं।

त्रयोदश अधिकार—इसमें भालू, बाघ, हाथी, सूअर और गीदड़ आदि पशु; शिंशुमार, तिमि और मकर (मगर) आदि जलचर; कबूतर आदि पक्षी; चींटी, चींटा, मक्खी, हड्डा और बर्र आदि क्षुद्र जन्तु एवं मनुष्य के दन्त-नख-क्षत आदि सम्पूर्ण जंगमविष का स्वरूप तथा तन्निवारक औषध और मन्त्र कहे गये हैं।

चतुर्दश अधिकार—इसमें सम्पूर्ण कृत्रिमविष का स्वरूप और उनको निर्मूल करने वाले उपाय बतलाये गये हैं।

पंचदश अधिकार—इसमें वाष्प के भेद, स्वरूप तथा परिहार उक्त हैं।

षोडश अधिकार—इसमें नागाकृष्टि, नागसहागमन, विषभक्षण का क्रम, शब्दनिर्विष-मन्त्रविधान, भूतनिर्विषविधान, सर्पोच्चाटन, विष के लिये कवलप्रयोग, वमनौषध, उपनाह (व्रण बांधने का विधान), विषज व्रण के लिये औषध, मूषकवृषभाद्युच्चाटन, वृश्चिकाद्युच्चाटन तैलिक औषध, विषव्रणहारक मलहम, व्याघ्रमुखस्तम्भनादि मन्त्रविधान, निर्विष के लिये मुद्रिकानिर्माणविधान और सर्वविष हरौषध आदि सभी संकीर्ण (फुटकर) विषय कहे गये हैं।

महत्त्वपूर्ण यह विषशास्त्र मद्रास विश्व-विद्यालय के कन्नड सीरिज़ में हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इस बहुमूल्य कृति को प्रकाश में लाने वाला उक्त विश्व-विद्यालय धन्यवाद का पात्र है ही। साथ ही साथ इसके विद्वान् सम्पादक भी धन्यवाद के पात्र हैं। इसके लिये खासकर मित्रवर श्रीयुत पं० एच० शेष अय्यंगार विशेष प्रशंसा के पात्र हैं, जिनकी प्रबल प्रेरणा एवं अटूट परिश्रम से उक्त सीरिज़ में अबतक अमूल्य नव रत्न प्रकाश में आ सके जो कि प्रायः सभी जैन हैं। इस स्तुत्य कार्य के लिये जैन समाज श्रीयुत अय्यंगारजी का ऋणी रहेगा। आशा है कि अय्यंगारजी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्तमोत्तम ग्रन्थ-रत्नों को प्रकाश में लाकर लोकहित एवं साहित्य-संसार को प्रसन्न करेंगे। अगर कोई प्रकाशनसंस्था इस ग्रन्थरत्न का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित कर देती तो हिन्दी-भाषा-भाषी जनता को भी लाभ होता। देखूँ, इस पुनीत कार्य के लिये कौन संस्था अपना कदम बढ़ाने का साहस करती है। बल्कि इससे संस्था को आर्थिक लाभ भी हो सकता है। क्योंकि यह एक लोकोपयोगी ग्रन्थ है।

तुलु देश में जैनधर्म*

[ले० श्रीयुत डा० बी० ए० सालेतोर एम० ए०, पी-एच० डी०]

हमें तुलु देश में जैनधर्म के आगमन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हिन्दू और जैन परम्परागत गाथाओं, शिलालेखों और जैन ग्रन्थों का जो मूडबिद्रे और कारकल के जैन केन्द्रों के पुस्तकालयों में सुरक्षित हैं—अध्ययन करना होगा। लेकिन उपर्युक्त अंतिम आधार अप्राप्य है, अतः हमें सिर्फ जैन और हिन्दू परम्परागत गाथाओं पर अवलंबित रहना पड़ेगा, जिनकी पुष्टि तुलु देश में प्राप्त जैन शिलालेखों से भी होती है।

हिन्दू पम्परागत गाथा में जैन मुनियों का उल्लेख मिलता है, जिन्होंने तुलु देश के एक हिस्से में जैनधर्म का प्रचार किया था। विष्णुपुराण में ऐसा प्रमाण मिलता है कि नाभि और मेरु के पुत्र ऋषभ ने बहुत ही योग्यता और बुद्धिमानी से शासन किया, और अपने शासन-काल में अनेक यज्ञ किये। अंत में वे अपना राजपाट अपने बड़े पुत्र भरत को सौंप कर एक संन्यासी की हैसियत से स्वयं पुलस्त्य ऋषि के आश्रम में निवास करने के निमित्त चले गये। उन्हीं भरत के नाम पर इस भूमि का नाम भारतवर्ष पड़ा है। ऋषभ ने कठिन तपस्या की। उनका शरीर सूख कर काँटा हो गया।

भागवतपुराण में इस बड़े प्रचारक ऋषभजी के परिभ्रमण का पूर्ण उल्लेख मिलता है। जिस प्रकार कुम्हार का चाक स्वयं चलता है, उसी प्रकार ऋषभजी का शरीर कोंक वेंकट, कुटक और दक्षिण कर्णाटक में गया। कुटक पहाड़ से सटे एक जंगल में उन्होंने अपने मुँह में कुछ चमकते कंकड के टुकड़े को रख लिया, और उसके बाद नंगे हो, एक उन्मत्त की भांति, बिखरे बालों को धूल-धूसरित करते हुए घूमने लगे। दुर्भाग्यवश उस जंगल में बाँसों की रगड़ से भयानक आग लग गयी, जिससे सारे जंगल के साथ उनका शरीर भी जल कर खाक हो गया। कोंक, वेंकट, और कुटक के राजा को ऋषभजी के इस आचरण की जब खबर मिली, तो उन्होंने अपना धर्म छोड़कर, अपनी समझ और पसंद के मुताबिक, एक झूठे धर्म का सृजन किया।(!)†

ऊपर जो कुटक का नाम आया है, उसे तुलु देश का कुटकग्राम समझना चाहिए। उपर्युक्त उल्लेखों से पता चलता है कि तुलु देश में जैनों के आगमन की तिथि ऋषभ के प्रारम्भिक काल कही जा सकती है। ऋषभ ही प्रथम तीर्थङ्कर हैं। उस वक्त जैनों का प्रचार-स्थान कुटकग्राम और हट्टेंगडि के बीच कहीं पर था। आज भी हट्टेंगडि जैनों का पवित्र क्षेत्र माना जाता है। यदि हम ऋषभ के परिभ्रमण की कथा की वास्तविकता पर

---

* विद्वान् लेखक के द्वारा लिखे गये महत्त्वपूर्ण इस प्रकरण की कई बातों पर मेरा मतभेद है। अतः यथावकाश इस विषय पर मैं एक स्वतंत्र लेख लिखूंगा। —के० भुजबली शास्त्री

† यह कथन सांप्रदायिक है। सं०

विश्वास करेंगे, तो हमें मानना पड़ेगा कि जैनधर्म की स्थापना सबसे पहले कुंदापुर के क्षेत्र में हुई, और उसके बाद तुलु देश के अन्य क्षेत्र में।*

लेकिन मूडबिद्रे और कारकल, जो तुलु देश में जैनधर्म के प्रसिद्ध स्थान समझे जाते हैं की परम्परागत कथाएँ उपर्युक्त कथाओं के बिल्कुल विपरीत मालूम होती हैं। मूडबिद्रे और कारकल में जो परम्परागत गाथाएँ हैं, उनसे पता चलता है कि तुलु देश में जैनधर्म की स्थापना ९ वीं शताब्दि (ईस्वी सन्) में हुई। प्रथम तो तुलु देश के जैन परसुराम को नहीं जानते।(!) दूसरे में, ब्राह्मणों की भाँति, यमदग्नि के द्वारा सप्त कंकण के सृजन की बात वे नहीं मानते हैं। बुचानन ने लिखा है कि वे जैनधर्म का इतिहास जिनदत्तराय के वक्त से मानते हैं, जिनका जन्म, उनके कथनानुसार, यमुना के नजदीक उत्तर मथुरा में हुआ था। इससे मालूम होता है कि जैनों का आगमन इस जिले में बहुत पीछे हुआ।

दूसरी बात, तुलु देश के जैन स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि तुलु देश के ब्राह्मण उनसे पहले वहाँ निवास करते थे।† बुचानन ने जैनों के द्वारा इस बात का पता लगाया है कि तुलु देश के ब्राह्मणों का, जो बेद के अनुयायी थे, मयूर वर्मा नामक एक जैन राजकुमार ने उल्लेख किया है। वे एक हजार वर्ष पूर्व बारकूर में निवास करते थे। लेकिन तुलु देश के इस शासक के बारे में जैनों के पास कोई लिखित उल्लेख नहीं है। इसलिए ऐसा पता चलता है कि जैन तुलु देश में उस समय आये, जब मयूर वर्मा का नाम व निशाँ धूमिल पड़ गया था।

तीसरी बात, मूडबिद्रे की सबसे पुरानी बस्ति का नाम गुरुगल बस्ति है। मूडबिद्रे के जैन इस बस्ति को एक हजार वर्ष पुराना मानते हैं। उनका मत है कि उनके प्राचीन नेताओं का आगमन ९ वीं शताब्दि में या कुछ दिन आगे-पीछे हुआ था।† इसके अलावा वे इस बात को भी मानते हैं कि उसी नगर में गौरी का मंदिर गुरुगल बस्ति से पुराना है। एतदर्थ यह निर्विवाद है कि जैनों के आगमन के पूर्व उस नगर में हिन्दू-धर्म का अस्तित्व कायम था।

चौथी बात, उपर्युक्त नगर में एक महल्ला है, जिसका नाम हल्लवरवर्ग है। मूडबिद्रे के जैन इस बात को मानते हैं कि उक्त नगर में जैनों की यह सबसे पुरानी बस्ति थी। जैन उस बस्ति में एक व्यापारी की हैसियत से आये। उन्होंने वहाँ जैन-धर्म का प्रचार करना शुरू किया। उन्हें अपने कार्य में पूरी सफलता मिली। यहाँ तक कि उन्होंने मूडबिद्रे के राजा को, जो हिन्दू-धर्म का अनुयायी था, जैनधर्म का पक्का अनुयायी बनाया। यह

---

* यह तर्क जैन मान्यता से मेल नहीं खाता है। सं०

† इसके लिये लिखित उल्लेख अपेक्षणीय है। सं०

घटना उस समय घटी जब आलुपों ने मूडबिद्रे को अपनी प्रांतीय राजधानियों में एक राजधानी कायम की। उपर्युक्त बातों की पुष्टि शिलालेखों से भी हो जाती है।

पाँचवीं बात, मूडबिद्रे ब्राह्मणों का प्राचीन केंद्र था। जैनों की परम्परागत गाथाओं और शिलालेखों से इस बात की पूरी पुष्टि होती है।† मूडबिद्रे के चौटर पहले हिन्दू थे। पीछे वे जैन हो गये। उन्होंने अपना केन्द्र छोड़कर पुत्तिगे में निवास करना शुरू किया। उनके कुलदेवता उल्लाला के सोमनाथ देव थे। बुचानन का कथन है कि उनके समय में मूडबिद्रे में ६ गद्दी या मंदिर ब्राह्मणों के हाथ में थे। वे पुराणपंथी थे। वहाँ दो वर्ग के ब्राह्मणों के सात सौ घर थे।

छठीं बात, जब बुचानन ने मूडबिद्रे के जैनों से मुलाकात की, तो उन्हें पता चला कि उन्हें अपने सहधर्मियों के उत्तर भारतवर्ष या श्रवणबेल्गोल से देशांतरवास का जरा भी ज्ञान नहीं था। बुचानन के कथनानुसार जैनों का कथन है कि उनका पहले सारे भारतखंड पर विस्तार हुआ। उनका कथन है कि जितने लोग क्षत्री वंशज होने का अभिमान रखते थे, वे सब उनकी जाति के थे। यह स्पष्ट है कि रामानुजाचार्य के समय तक दक्षिण भारत के बहुत से शक्तिशाली राजकुमार जैनों के अनुयायी हो गये थे। जैनों का कथन है कि पहले अरब में उनकी बहुत संख्या थी। लेकिन, २५०० वर्ष पहले मक्का में राजा पार्श्व भट्टारक की आज्ञा से उपद्रव शुरू हुआ। इस कारण वहाँ से बहुत जैनी भागकर इस देश में चले आये। वे पार्श्व भट्टारक को मुसलमानीधर्म का संस्थापक मानते हैं। जब वे यहाँ आये, उनमें अरबी होने के कोई चिन्ह नहीं थे; बल्कि उनमें हिन्दू के सभी लक्षण मौजूद थे। यदि जैन, कुछ लोगों के कथनानुसार, सचमुच तुलु देश में भद्रबाहु के समय में आये होते, तो उन्हें अपने आगमन की बात अवश्य याद रहती।*

इसके अतिरिक्त कारकल के धर्माध्यक्ष के अधिकार का इतिहास बतलाता है कि तुलु देश में जैनधर्म का आगमन पीछे हुआ। बुचानन को कारकल के पुजारियों के द्वारा मालूम हुआ है कि जिनदत्त का प्रथम पुत्र प्रथम बैरसु ओडेय था और उसके वंशज इसी नाम से मशहूर हुए। यद्यपि इसमें ऐतिहासिक सत्यता नहीं है, फिर भी जहाँ तक कारकल का संबंध है, तुलु देश में जैनों का आगमन जिनदत्त के समय में हुआ था। इससे साबित होता है कि तुलु देश में जैन-धर्म की स्थापना ९ वीं शताब्दि (ए.डी.) के बाद शीघ्र ही हुई।

मूडबिद्रे में चारुकीर्ति पंडितदेव की परम्परागत गाथा तथा शिलालेख से पता चलता है कि तुलु देश में जैनधर्म की कुछ उन्नति १२ वीं शताब्दि (ए. डी.) में हुई। बहुत पीछे जैनों ने वारंग और उसके पड़ोसी-स्थानों में अपना निवास स्थान बनाया। शाका

† इसके लिये लिखित उल्लेख अपेक्षणीय है। सं०

* मान्य लेखक का यह तर्क ठीक नहीं जंचता। सं०

१०८३ (ए. डी. ११६१-२) में राजकुमार कुमारराय ने एक मंदिर बनाने में सहायता दी थी। कुमारराय का पता नहीं चलता कि वे कौन थे। पर उनकी सहायता का पता शिलालेख से मिलता है। वह शिलालेख केरेवासे में मिला था। उससे पता चलता है कि केरेवासे १२ वीं शताब्दि (ए.डी.) के मध्य में जैनधर्म का केन्द्र बन गया था। शिलालेखों से पता चलता है कि १३ वीं शताब्दि (ए.डी.) के प्रारम्भ में आलुप राजाओं ने जैनधर्म को सहायता पहुँचायी थी। लिखित प्रमाणों से पता चलता है कि मूडबिद्रे में कुलशेखर आलुपेन्द्रदेव प्रथम के द्वारा जैनधर्म को राजकीय सहायता प्राप्त थी। उन्होंने जैन गुरुओं का मलधारिदेव, माधवचंद्र और प्रभाचंद्र के नाम से नामकरण किया था।

नल्लूर में जो शिलालेख प्राप्त हुआ है, उससे पता चलता है कि आलुप राजा (दूसरा) ने भी जैनधर्म को सहायता दी थी। शाका १२१८ (ए.डी. १२९६) में नल्लूर की एक जैन बस्ति के लिए किसी ने भूमिदान किया था। मूडबिद्रे की अम्मनवरु नामक बस्ति में एक शिलालेख प्राप्त हुआ है। वह आलुप राजा कुलशेखर आलुपेन्द्रदेव, तीसरा, (ए.डी. १३८४) के समय का है। उससे पता चलता है कि उपर्युक्त आलुप राजा का झुकाव जैनधर्म की ओर पूर्ण रूप से था। वह रत्नसिंहासन पर बैठता था। पार्श्वनाथदेव का पूरा उल्लेख मिलता है।

उपर्युक्त घटना उस समय की है, जब जैनधर्म का नल्लूर, केरेवासे, वारंग और मूडबिद्रे में पूर्ण रूप से जम चुका था और बारकूर में उसका पदार्पण हो रहा था, × शाका १३३१ (ए.डी. १४०८) के लिखे कोडगु कागजात से पता चलता है कि सांतर राजा वीरभैरव और उसके पुत्र पाण्ड्यभूपाल ने पार्श्वनाथ की मूर्ति के लिए भूमिदान किया था, और बारकूर ग्राम में मुनियों को आहार कराया था। यहाँ एक बात और लिख देना उपयुक्त होगा कि बारकूर की जैन बस्ति में प्राप्त एक शिलालेख से पता चलता है कि चारुकीर्ति पंडितदेव ने बारकूर में आदि परमेश्वर की सेवा के लिये भूमिदान किया था। यह शाका १४२१ (ए.डी. १४९९—१५००) की बात है।*

* बी० ए० सालेतोर की 'Ancient Karnataka' ((Vol I, History of Tuluva) नामक अङ्गरेजी पुस्तक के 'Jainism' शीर्षक प्रकरण का स्वतन्त्रानुवाद।

—अनुवादक बनारसीप्रसाद भोजपुरी, साहित्यरत्न, रचनानिधि

× श्रीयुत ए० गणपतिराव के कथनानुसार सन् ७८ में ही यहाँ पर जैनधर्म मौजूद था। सं०

जैन कविताओं में ऐतिहासिक प्रसंग

[ले० श्रीयुत कालीपद मित्र, एम. ए.]

इस लेख में मैं मेसर्स अगरचन्द नाहटा तथा भँवरलाल नाहटा (मुद्रित वि० सं० १९९४) द्वारा संग्रहीत 'ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह' में आये हुए व्यक्तियों के आकस्मिक प्रसंगों का वर्णन करूँगा। यह अपभ्रंश, राजस्थानी तथा हिन्दी में रचे गये हैं।

सम्पादकों का कथन है कि इनमें लगभग सभी खरतरगच्छ सम्प्रदाय से सम्बंधित हैं जो बीकानेर में फैला था और वे विजयसिंहसूरि, विजयप्रकाशरास तथा एक अन्य कविता के अतिरिक्त तपागच्छ सम्प्रदाय से सम्बंधित कविताओं का संग्रह करने में असफल रहे हैं।

कविताएँ यशगान हैं और उनका मुख्य ध्येय जैन शासन की प्रभावना है। ऐतिहासिक घटनाओं तथा व्यक्तियों का वर्णन आकस्मिक वर्णन है। इनमें जैन मुनियों का राजा महाराजा द्वारा सम्मानित होने का वर्णन है। कुछ के विषय में कहा गया है कि उन्होंने केवल अपनी पवित्रता तथा तप द्वारा ही नहीं वरन् चमत्कारों के प्रदर्शन द्वारा भी इन राजाओं पर अपना प्रभाव स्थापित किया है। इन कविताओं में ऐतिहासिक सत्य गर्भित है, यद्यपि ये प्रामाणिक नहीं कही जा सकतीं। वैज्ञानिक निरीक्षण तथा समकालीन प्रमाणों से तुलना के पश्चात् ही यह घटनाएँ विश्वास योग्य समझी जा सकती हैं।

जिनप्रभसूरि के गुणगानों में कथन है कि दिल्ली के सुल्तान मुहम्मद ने भी उनकी प्रशंसा की थी :—

राउ महंमद साह जिण, निय गुण रंजियउं।
मेढ मंडल ढिल्लिय पुरि, जिण धरमु प्रकट किउं।
तसु गछ धुरधरण भयलि, जिणदेव सूरि राऊ। श्रीजिणप्रभसूरिगीतम्।

पौष मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी, शनिवार वि० सं० १३८५ (१३२८ ई०) को वह मुहम्मद शाह आसापति दिल्ली की सभा में पधारे। सुल्तान ने उनका सम्मान किया, अपने निकट स्थान दिया और धन, पृथ्वी, अश्व, गज आदि उनको भेंट किए। उन्होंने इसे स्वीकार न किया क्योंकि यह चारित्र-नियमों के विपरीत थे। परन्तु सुल्तान का सम्मान करने के लिए उन्होंने कुछ वस्त्र स्वीकार किए। सुल्तान ने उनके गुणगान के पश्चात् शाही मुहर से एक नवीन वस्ती (उपाश्रय—साधुओं का विश्रामगृह) के निर्माण कराने का आज्ञापत्र निकाला। उनके सम्मान में एक उत्सव हुआ और जुलूस नवयुवतियों के नृत्य तथा वाद्यगान सहित पोषधशाला को चला। वह सामंतों से घिरे हुए सुल्तान के हाथी पर आरूढ़ थे।

(गाथा २—९, जिनप्रभसूरिगीतम्)

तेर पंचासियइ पोस सुदि आठम सणिहबारो।
भेटिउ असपते 'महमंदो' सुगुरु ढोलिय नयरे ॥२॥
श्रीमुख सलदिउ पातसाह विविदपरि मुणिसीहो ॥५॥
देइ फुरमाणु अनुकारवाई, नव वसित राय सुजाणु ॥७॥

जिनप्रभसूरि के पट्टधर जिनदेवसूरि भी मुहम्मद शाह द्वारा सम्मानित हुए थे। मुहम्मद शाह ने उनकी वाणी से प्रभावित होकर कन्नानपुर की अथवा वहाँ से आई हुई वीर जिन की प्रतिमा की स्थापना दिल्ली में एक पावस-अवसर पर एक पवित्र दिवस को की थी।

वंदहु भविपदो सुगुरु जिणदेवसुरि ढिल्लिय वरनयरि देसणउ
जेह कन्नाणपुर मंडणु सामिउ वीर जिणु।
महमदराय समप्पिउं थापिउ सुभ लगनि सुभ दिवसि ॥२॥

—श्रीजिणदेवसूरिगीतम्।

एक अन्य गीत में जिनप्रभसूरि के असपति कुतुबुद्दीन द्वारा सम्मान का कथन है जिसने उनको कृष्ण पक्ष के चतुर्थ तथा अष्टम वार को आमंत्रित किया था।

आठाहि आठमिहि चउथी, तेडावइ सुरताणु ए।
पुह सितमुख जिणप्रभसूरि चलियउ जिमि ससि इंदु विमाणिए॥
'असपति कुतुवदीनु' मनि रंजिउ दीठेल जिणप्रभसूरीए।

जिनचन्द्रसूरि (जिनप्रबोधसूरि के पट्टधर) ने सुल्तान कुतुबुद्दीन को भी प्रसन्न किया।

कुतुवदीन सुरतान राउ, रंजिउ समनोहरु।
जामि पयडउ जिणचन्द सूरि, सूरिहं सिर सेहरु ॥६॥

—श्रीजिनकुशलसूरिपट्टाभिषेकरास।

अब हमें देखना है कि यह सुल्तान कौन हैं? जिनप्रभसूरि सुल्तान से १३२८ ई० में मिले थे। मुहम्मद बिन तुगलक १३२५ ई० में सिंहासनारूढ़ हुए और १३५१ ई० को स्वर्ग सिधारे। अतः मुहम्मद शाह मुहम्मद तुगलक ही होंगे।

मुहम्मद शाह एक परिवर्त्तनशील गुणी पुरुष था और अनेक विज्ञानों का ज्ञाता था। ज़ियाउद्दीन बर्नी और इब्न बतूता ने उसका एक भयानक चरित्र चित्रण किया है। परन्तु दोनों ही उनकी महान् विद्वत्ता, तर्कशास्त्र पर आधिपत्य एवं अरस्तू सदृश महान् दर्शनशास्त्रज्ञ होना एक मत से स्वीकार करते हैं। उसका स्वतंत्र विचारक, तार्किक, सभ्य, तथा विद्वानों का एक परम मित्र होना तो निर्विवाद है। जियाउद्दीन शोक प्रकट करते हुए कहता है "दर्शनशास्त्र के नियमों का जो कि हृदय को निष्ठुर और निर्मोह बना देते हैं उस पर गहरा प्रभाव पड़ा था।.....मुसल्मानों को दण्ड देना और सत्य धर्मानुयायियों को सज़ा देना

उसकी प्रकृति तथा व्यसन बन गए थे"[1] इसके विरुद्ध ब्राउन का मत है कि "उसकी समस्त मुद्राओं से उसको रूढ़िवादिता प्रकट होती है। कल्पना ही नहीं वरन् सुल्तान की ग़ाज़ी की उपाधि धारण करना भी यही सिद्धि करता है[2]"

ऐसा प्रकट होता है कि वह रूढ़िवादी नहीं था वरन् एक प्राचीन प्रथा का पालन कर रहा था क्योंकि वह शैख़ निज़ामुद्दीन औलिया का जो कि 'समा' (हृदय-ग्राही नृत्य तथा वाद्य-गान) में ही सदा तल्लीन रहता था और एक प्रशंसक था, यद्यपि यह रूढ़िवादी के सिद्धांत के प्रतिकूल है। उसने नागरी लिपि में एक उपदेश अपनी प्रिय मुद्राओं पर अंकित कराया था तथा वह उत्सवों के अवसर पर संस्कृत के उपयोग से सहमत था। वह धार्मिक तत्त्ववेत्ताओं के वादविवाद में बड़ा रस लेता था। इस कार्य्य में वह अकबर के समान था जो फतहपुर सीकरी के इबादत ख़ाने में इस प्रकार के विवादों को सुनता था। अतः यह किसी प्रकार आश्चर्यजनक नहीं कि उसने विद्वान् तथा संत जिनप्रभसूरि तथा उनके पट्टधर जिनदेवसूरि का सम्मान किया हो। ऐसा कथन है कि उसने दक्षिण भारत के एक महान् जैन तार्किक का सम्मान किया था जिसने सुल्तान की राजसभा में बौद्ध विद्वानों तथा अन्य धर्मानुयायी पण्डितों को वादविवाद में परास्त कर प्रसिद्धि प्राप्त की थी। यह घटना १३२६ ई० से १३३७ ई० के मध्य हुई प्रतीत होती है।

[3]मुनीन्द्र वर्द्धमान के एक संस्कृत महाकाव्य 'दशभक्त्यादिमहाशास्त्र, में निम्नांकित पद्य मिलते हैं।

विद्यानन्दस्वामिनः सूनुवर्यः संजातः स सिंहकीर्तिव्रतीन्द्रः।
ख्यातः श्रीमान् पूर्णचारित्रगात्रो दानस्वर्भूधेनुमन्दारदेशः॥
बाभात्यश्वपतेर्दिनेशतनयो गङ्गाख्यदेशावृतः
श्रीमद्दिल्लिपुरे महद्मदसुरित्राणस्य माराकृतेः।
निर्जित्याशु सभावनौ जिनगुरुबौद्धादि ×××× व्रजम्
श्रीभट्टारकसिंहकीर्त्तिमुनिराड् नाट्यैकविद्यागुरुः॥

नगरतालुक (मैसूर) के पद्मावती बस्ति के हुंबुच्च के शिलालेख में एक इसी के समान लेख मिलता है। "बाभाति अश्वपतेर्दिनेततनयो बङ्गाख्यदेशावृत श्रीमत्दिल्लिपुरे·····मुदसुरित्राणस्य माराकृतेः निर्जित्याशुं सभावनं जिनगुरुबौद्धादिवादित्रजं श्रीभट्टारकसिंहकीर्त्तमुनिरा···द्यैकविदामगुरुः॥"

१ सर एच एलियट, 'हिस्ट्री ऑव इण्डिया तृतीय खंड पृ० २३६
२ सी० जे ब्राउन, 'दी कॉइन्स ऑव इण्डिया, पृष्ट ७३, ७४
३ Ms. No 253/kha, जैन-सिद्धान्त-भवन [जैन-सिद्धान्त-भास्कर]

स्पष्टतया 'मुद' मुहम्मद शब्द का एक भाग है (अथवा महम्मद जो कि भूल से प्रायः महमूद पढ़ा जाता है) जो कि मिट गया है अथवा स्पष्ट नहीं है। राइस इसका मधुर (मुदा < मुदु < मृदु) अर्थ लगाते हैं और महमूद जोड़ देते हैं। डाक्टर सालेतोर इसे 'तत् न भूषनाढ्यदेववृत' पढ़ते हैं और इस पर आश्चर्य प्रकट करते हैं कि राइस साहब ने 'बङ्गाल्य-देशवृत' पढ़ा।[1]

दशभक्त्यादि-महाशास्त्र[2] ने मोहम्मद (मुद नहीं) सुरित्राण और गंगाढ्य-देश का वर्णन करके यह शंकाएँ निर्मूल कर दी हैं। और राइस साहब के मत को बड़ी सहायता दी है।

[3]डाक्टर सालेतोर ने 'दश०' के रचियता वर्द्धमान की तिथि १३७८ अनुमान की है।[4] (गुरुपरम्परा में अंत से विशालकीर्त्ति से गणना की गई है जिनकी तिथि १४६८ ई० है। मेरुनन्दि-वर्द्धमान-प्रभाचन्द्र-अमरकीर्त्ति-विशालकीर्त्ति इत्यादि प्रत्येक का समय ३० वर्ष निर्धारित किया है) जिसका समर्थन श्रवणबेल्गोल के १३७२ ई० के एक रेकार्ड (record) से होता दीख पड़ता है। परन्तु 'दश०' में एक श्लोक मिलता है कि वर्द्धमानने इसकी रचना ('शके वेदखराब्धिचन्द्रकलिते सम्वत्सरे श्रीप्लवे सिंहश्रावणिके प्रभाकरशिवे कृष्णाष्टमी-वासरे रोहिण्याम्' इत्यादि) शक सं० १४६३ (अथवा १४६४ यदि वेद ४ हों,[5] ३ न हों) = १५४१ ई० में की। वास्तविक तिथि, तिथि सम्बन्धी अन्य बातों से निर्धारित की जा सकती हैं। वास्तविक तिथि कोई भी हो, रचियता ने 'दश०' में नगर तालुक के शिलालेख के अनेक अंश उद्धृत किए हैं। चूंकि वह हमारी अपेक्षा शिलालेख की निर्माण-तिथि के अधिक निकट था, इसलिए यह अनुमान करना उचित ही होगा कि लेखक ने इस शिलालेख को उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम वर्षों में बीसवीं शताब्दि की अपेक्षा अति उत्तम दशा में पाया होगा। अतः मेरे विचार से शिलालेख के प्रति उनका मत ही मान्य होना चाहिए।

जिनप्रभसूरि अद्वितीय ज्ञानी, कवि, विद्वान् व एक गण्य मान्य जैनाचार्य थे। मुनि जिनविजयजी स्वसम्पादित जिनप्रभसूरि के 'विविधतीर्थकल्प' में कहते हैं कि आचार्य का सुल्तान मुहम्मद शाह के दरबार में बहुत मान था इतना अधिक कि जितना हीरविजयसूरि का अकबर की राजसभा में था। और सम्भवतः वही सर्व प्रथम जैनाचार्य थे जिन्होंने मुसल्मान बादशाह के दरबार में जैनधर्म की कीर्त्ति पताका फहराई थी।[6]

१ Karnatak Historical Review, IV. pp. 77-86.

२ इसके विशेष परिचय के लिये मेरे द्वारा संपादित 'प्रशस्तिसंग्रह' देखें।—के० भुजबली शास्त्री

३ Mediaeval Jainism pp. 370-71.

४ ,, p. 300,

५ 'वेद' का ४ ही लेना समुचित है।—के० भुजबली शास्त्री।

६ सिंघीजैनग्रन्थमाला—विश्वभारती, शान्तिनिकेतन।

आंतरिक प्रमाणों द्वारा उनकी तिथि निर्धारित की जा सकती है। इस पुस्तक में संकलित कविताओं में सर्वप्रथम रचित कविता की तिथि 'वैभवगिरिकल्प' के अन्तिम चरण में दी है। इसकी प्रथम पंक्ति इस प्रकार है 'वर्षे सिद्धा सरस्वद्रससिखिकुमिते विक्रमे'। इसमें हमें वि० सं० १३६४ (१३०७ ई०) की तिथि मिलती है। इस कविता का अंत इस पंक्ति से स्पष्ट है 'नन्दान्नेकपशक्तिसीतागुमते श्रोविक्रमोर्वीपते'। इससे हमें वि० सं० १३८९ (१३३२) मिलती है। इस रचना के अन्य अंशों से आभास मिलता है कि यह वि० सं० १३६४ से पूर्व और १३८९ के पश्चात् रचे गए हैं।

इस रचना में हमारे वर्त्तमान विषय से सम्बंधित श्रीजिनप्रभसूरि के कार्य्यों का वर्णन है। प्राकृत रचना 'कन्यानयनीयमहावीरप्रतिमाकल्प' में श्री महावीर की मूर्त्ति की स्थापना की घटना का वर्णन इस प्रकार है :—

वि० सं० १२२३ (११७६ ई०) में कोल देश के कन्नाननगर में यह मूर्त्ति विराजमान थी। वि० सं० १२४८ (११९१ ई०) में जब चौहान वंश का नेता पृथ्वीराज शहाबुद्दीन* द्वारा मारा गया, तब श्रेष्ठी रामदेव ने श्रावकों को एक पत्र लिखा कि तुर्कों का शासन आरम्भ हो गया है। महावीरजी की प्रतिमा को छुपाए रखिए। यह वि० सं० १३११ तक रेत में छुपाए रक्खी गई। इस वर्ष एक बड़ा भयानक दुर्भिक्ष फैला। अतः एक योजक नाम का बढ़ई कन्नाननगर को छोड़कर अधिक उपजाऊ प्राँत की खोज में कयम्बसत्थल (?) में आया। उसे एक स्वप्न में प्रतिमा के सम्बन्ध में चेतावनी मिली। फलतः उसने प्रतिमा खोज निकाली और उसे चैत्यालय में स्थापित कराया और पूजन करवाई। तुर्कों द्वारा अनेक उत्पात हुए। एक दिन प्रतिमा से प्रक्षाल के समय पसेव निकला और पोंछने पर भी फिर पसेव निकला। यह एक अशुभ चिन्ह था। दूसरे ही दिन जाट राजपूतों का आक्रमण हुआ। वि० सं० १३८५ को आसीनगर का सिकंदर आया और उसने साधुओं व श्रावकों को पकड़वा लिया, श्रीपार्श्वनाथजी की पाषाण-मूर्त्ति को तोड़ डाला। परन्तु श्रीमहावीर की प्रतिमा को सुरक्षित और अखंडित अवस्था में ही एक गाड़ी में रखकर दिल्ली पहुंचाई और सुल्तान की आज्ञा तक तुग़लक़ाबाद के सुल्तान के कोषागार में रक्खी गई। इसी बीच में श्री महम्मद सुरत्तान देवगिरि से जोगनीपुर आगया। एक समय खरतरगच्छ समुदाय के गौरवश्री जिनप्रभसूरि विहार करते हुये देहली आए। ज्योतिषी धाराधर के द्वारा उनके महान् पाण्डित्य का हाल सुन कर सुल्तानने उसको श्रीमुनि के निकट भेजा जो मुनि को पौष शुक्ला द्वितीया को बुला लाया। श्रीसूरि महाराजाधिराज से मिले। उन्होंने इन्हें अपने निकट आसन दिया। उनसे कुशलक्षेम पूछी और अर्द्ध

*मुहम्मद गोरी।

रात्रि तक वार्तालाप चलता रहा। उन्होंने वहाँ रात्रि व्यतीत की। प्रातः फिर निमंत्रण आया। सुल्तान उनके कवित्वचातुर्य्य से अति प्रसन्न हुआ और एक सहस्र गौ, धन, मुख्य वाटिका, सौ कम्बल, वस्त्र और इत्र जैसे अगर, चन्दन, कपूर इत्यादि भेंट कीं। श्रीगुरु ने सादर अस्वीकृति प्रकट की और कहा कि यह वस्तुएँ साधुओं के ग्रहण योग्य नहीं है (साधूनमेयम-न कप्पए सम्बोधिऊन महारायम पतिसिद्धम सव्व वत्थू) परन्तु सुल्तान के अधिक आग्रह पर उनका आदर व सम्मान करने के लिए श्रीगुरु ने कुछ कम्बल तथा वस्त्र स्वीकार किए। सुल्तान ने दूरदेशों से पधारे हुए विद्वानों के साथ इनका वादविवाद कराया (नानादेशान्तराय पण्डियेहिं सह वायगोद्विमकारविहा) और इतना प्रसन्न हुआ कि इन्हें और आचार्य जिनदेव को हाथी पर बैठाकर नृत्य-वाद्य-गान सहित पोषधशाला पहुँचाया। तब बादशाह ने एक फ़रमान (आज्ञापत्र) दिया जिसमें समस्त श्वेताम्बर सम्प्रदाय की रक्षा की आज्ञा थी। इसके पश्चात् सुल्तान ने शत्रुञ्जय, गिरनार, फलवड़ी इत्यादि तीर्थों की रक्षा का आज्ञापत्र निकाला। एक अन्य अवसर पर श्रीसूरि वर्षा में ही राजभवन में पहुँचे। उनके पैर सन रहे थे। सुल्तान ने मलिक काफूर से एक मूल्यवान वस्त्र लेकर उनके पैर पोंछे। श्रीसूरिने कविताओं से उन्हें प्रसन्न कर दिया। कविताएँ इतनी उत्तम थीं कि बादशाह चकित हो गया। इस अवसर पर उन्होंने श्रीमहावीरजी की प्रतिमा माँगी जो तुग़लक़ाबाद के कोषागार से मँगाकर मलिकों की उपस्थित में एक सार्वजनिक सभा में उन्हें भेंट की गई। तब यह संघ द्वारा मलिक ताजदीन को सराय में विराजमान की गईं। तब जिनदेवसूरि को अपने स्थान पर छोड़कर स्वयं महाराष्ट्र गए और वहाँ से देवगिरि पहुंचे। इसके पश्चात् श्रीजिनदेवसूरि दिल्ली में सुल्तान से मिले। सुल्तान बड़े आदर से मिले और एक सराय भेंट की जिसका स्वयं ही सुरत्तान सराय नाम रक्खा। वहाँ श्रीसूरिने (कलिकालचक्रवत्ति) एक पोषधशाला और एक चैत्यालय निर्माण कराया जहाँ श्रीमहावीर की प्रतिमा विराजमान कीं।

'कन्यानमहावीर-कल्पपरिशेष' में श्रीसूरि के बारे में अधिक वर्णन मिलता है। श्रीसूरि ने मुहम्मद तुग़लक़ से एक फ़रमान (आज्ञापत्र) प्राप्त किया। इसमें तुर्कों से पेथड़, सहज और अचल के चैत्यालयों की रक्षा की आज्ञा थी। कहा जाता है कि वादविवाद में उन्होंने अपने समस्त प्रतिद्वन्दियों का मान मर्दन किया था। एक अवसर पर शास्त्रार्थ के समय पंडितों की सभा में मुहम्मद तुग़लक़ ने कुछ शंकाएँ कीं और सूरि की विद्वत्ता को स्मरण करके कहा कि यदि वह यहाँ पर होते तो मेरी शंकाओं को बड़ी सरलता से निर्मूल कर दिये होते। निश्चय ही बृहस्पति उनकी बुद्धिमत्ता के आगे हार मान कर पृथ्वी छोड़कर आकाश में चला गया है। उसी समय तजब मलिक दौलताबाद से आया था उसने कारनिश (मुसल्मान प्रथा के अनुसार राजाओं की सलाम) कर के कहा कि महात्मा

जी वहाँ हैं परन्तु चूँकि वहाँ का जल उनके अनुकूल सिद्ध नहीं हुआ, वह अत्यन्त क्षीण हो रहे हैं। बादशाहने मीर को आज्ञा दी "ऐ मलिक! दुबीर खाँ के पास जाओ और एक आज्ञापत्र लिखाकर दौलताबाद भेज दो।" यह आज्ञापत्र दीवान दौलताबाद के पास पहुंचा। कुतल खाँ, नगर के नायकने यह समाचार सम्मान पूर्वक श्रीसूरि को सुनाया कि महाराज आप के दर्शन करना चाहते हैं। सूरि चलकर ऊलबपुर—दुर्ग पहुंचे फिर सिरोह और अन्त में सुल्तान से मिले। सुल्तान ने उनकी कुशल-क्षेम अत्यन्त नम्र शब्दों में पूछी और सस्नेह करचुम्बन किया (चुम्बियां सरिनेइम गुरुनम करो) और आदर पूर्वक हृदय से लगाया। श्रीसूरिने उन्हें आशीर्वाद दिया और सुरत्तान सराय पोषधशाला पहुँचे। सुल्तान ने मुख्य हिन्दू राजाओं व बड़े-बड़े मलिकों को उनके साथ जाने की आज्ञा दी।

दूसरी बार फाल्गुन में बादशाह अपनी माता मखदूम-ए-जहाँ की जो दौलताबाद से आ रही थीं अगवानी के लिए गया और बदाथून में मिला। श्रीसूरि उनके साथ थे। बादशाह ने अपने महल के निकट ही एक भवन दिया जिसका नाम स्वयं ही मट्टराय-सराय रक्खा। तब वि० सं० १३८९ (तेरसयन नवासिय वरिसे) अथवा १३३२ ई० में आषाढ़ कृष्ण सप्तमी को श्रीसूरि बड़ी धूमधाम और गाजे-बाजे के सहित पोषधशाला में पधारे। एक अन्य सुअवसर पर सुल्तान ने पूर्वीय देशों की विजययात्रा के लिए प्रस्थान किया (पुव्वदिशि-जयजहापत्थिएण) और श्रीसूरि उनके साथ थे। श्रीसूरि ने मथुरा तीर्थ का उद्धार किया। इस विचार से कि डेरों का जीवन श्रीसूरि को अति कष्टप्रद होगा, सुल्तानने इन्हें खोजे जहाँ मलिक के साथ आगरे से दिल्ली भेज दिया। बादशाह से हस्थिनापुर जाने का आज्ञापत्र लेकर श्रीसूरि अपने स्थान को लौटे। फ़रमान के कारण दिगम्बर एवं श्वेताम्बर बिना रोक-टोक चारों ओर जाने लगे।

इन घटनाओं का सुन्दर तथा सविस्तार वर्णन प्रत्येक को यह विचारने के लिए बाध्य करता है कि यह घटनाएँ सर्वथा काल्पनिक नहीं हैं। सुल्तान को कारनिश तथा श्रीसूरिका हस्त-चुम्बन की रीतियाँ मुसल्मान राजसभा के नियमों को स्पष्ट प्रकट करती हैं।

आइए, अब हम 'विविधतीर्थकल्प' में वर्णित व्यक्तियों की प्रमाणिकता की परीक्षा कर लें। कहा गया है कि सुल्तान समस्त सैनिक साज बाज सहित दौलताबाद से आती हुई अपनी माता मखदूमए जहाँ की अगवानी को बदाथून (बदायून) गया था।

'तारीखेमुबारिकशाह' के लेखक के अनुसार पहिली देवगिरियात्रा हिजरी सन् ७२७ (१३२६-१३२७ ई०) में हुई जब सुल्तान अपनी माता 'मखदूमए जहाँ,' अमीर, मलिक व अन्य प्रतिष्ठित सज्जन, हाथी, घोड़े व राज-कोष[1] सहित गया था। यह प्रकट होता है कि

१ History of Qararunahs Turks in India, Dr T. Prasad p. 84.

वि० सं० १३८५ (१३२८ ई०) में देवगिरि से सुल्तान दिल्ली लौटे। (जो कि समकालीन इतिहास के अनुकूल ही है।) जब कि उनकी माता पीछे ही रह गईं। श्रीसूरि की देवगिरि-यात्रा के लिए उनका वहाँ का निवास तथा दिल्ली को वापिसी के लिए समय देने के पश्चात् उनकी माता की वापिसी की घटना सन् १३३१ ई० में हुई प्रकट होती है जिसके पश्चात् ही वि० सं० १३८९ (१३३२ ई०) में श्रीसूरि ने पोषधशाला में जो उन्हें सुल्तानने अर्पण किया था, पदार्पण किया। जब सुल्तान विद्रोही शाह अफ़ग़ान को वश में करने के लिए जा रहे थे और अभी कुछ दूर ही पहुंचे थे कि उन्हें यह सूचना मिली कि अब उनकी पूज्य माता मखदूम-ए-जहाँ' की दिल्ली में मृत्यु हो गई है। वह एक अत्यन्त चतुर और बुद्धिमती महिला थीं सुल्तान को घोर दुःख हुआ। उन्होंने अपनी माता (जो कि अपनी समस्त आयु राज-माता का सम्मान भोगती रही थीं) के प्रति उचित तथा हार्दिक सम्मान प्रकट किया।

ऐसा कथन है कि सुल्तान पूर्व-विजय को गया। बग़ावतें उठीं। १३३५ ई० में जब मारवाड़ के जलालुद्दीन आसफ़शाह ने विद्रोह किया सुल्तान स्वयं ही उसको दंड देने गया। १३३७ में बङ्गाल में विद्रोह हुए। सम्भवतः इन्हीं में से किसी का उक्त रचनामें उल्लेख है। कुतल खाँ क़ुतलग़ खाँ (सुल्तान के शिक्षक कियाम अल्दीन की उपाधि) था। उसे एक अन्य उपाधि 'वकील-ए-दार' भी सुल्तान से मिली थी। वह एक सर्वप्रिय पुरुष था और देवगिरि का शासक नियत था।[1] देवगिरि से उसकी वापिसी पर प्रजा बहुत दुःखित हुई। 'खोजे जहाँ मलिक' 'ख्वाजा जहाँ' का उपनाम है। जो कि अहमद अयाज़ को अफ़ग़ानपुर के प्रसिद्ध मंडप के निर्माण के लिए जिसमें ग़ियासुद्दीन तुग़लक की मृत्यु हुई थी, मिला था। वह वजीरुल्मुल्क भी था।[2]

उबैद कवि ने एक असत्य चर्चा फैलाई कि सुल्तान ग़ियासुद्दीन बहुत बीमार है और मलिक तिमर, मलिक तिगिन.....मलिक काफ़ूर (राजमुद्रा रखने वाला) के निकट गया और अमीरों को बताया कि उलूग़ खां उन्हें सशंक दृष्टि से देखता है। ग़ियासुद्दीनने सिरि के मैदान में एक सार्वजनिक राजसभा की और उबैद कवि, काफ़ूर तथा अन्य विद्रोहियों की जीवित ही खाल खिंचवाई। इसलिए यह (मलिक काफ़ूर) वह व्यक्ति नहीं हो सकता जिसके हाथ से मुहम्मद तुग़लक ने श्रीसूरि के पैर पोंछने को वस्त्र लिया था।[3]

१ Ibid pp. 63, 146, 171; Elliot of cit pp. 251, 253. App. 571 Kasaid of Badr Chach

२ Ibid p, 83. वह मालिक ज़ादा अहमद भी था।

३ Elliott op. cit., pp. 203, 608. App. D. from 'Travels of Ibn Batuta, जिसमें कथन है कि शहजादा मुहम्मद तुगलक मुख्य उमराओं के सहित तैलिगाना गया था (तिमर, तिगिन और काफूर राजमुद्रा लगानेवाला मलिक इत्यादि) उसने विद्रोह फैलाने का प्रयत्न किया और उबैद कवि द्वारा गियासुद्दीन तुगलक के बारे में असत्य चर्चा फैलाई जिसने उबैद और काफूर को मृत्यु दंड दिया।

कुतुबुद्दीन के बारे में इन कविताओं में कोई तिथि नहीं मिलती। हमें जिनप्रबोधसूरि के पट्टधर, जिनचन्द्रसूरि की तिथि ज्ञात है। वह वि० सं० १३२४ सन् १२६७ ई० में उत्पन्न हुए और वि० स० १२७६ में उनकी मृत्यु हुई। कुतुबुद्दीन मुबारिक शाह, खिल्जी शँहशाह १३१६ ई० में सिंहासनारूढ़ हुआ; १३२० ई० में मार दिया गया। कविताओं का कुतुबुद्दीन सम्भवतः वही है। ऐलिफन्स्टन का मत है कि मुबारिक शाह के शासन काल में राजसभा का वातावरण हिन्दुओं के अनुसार था। यह भेंट सम्भवतः १३१८ ई० में खुसरों के अपने प्रभाव डालने से पूर्व (जिससे सर्वप्रथम उसकी मानसिक तत्पश्चात् शारीरिक मृत्यु हुई) हुई होगी।

हमें अन्य साधनों से ज्ञात होता हैं कि सुल्तान मुबारिक शाहने समरसिंह नामधारी पाटन के एक प्रतिष्ठित जैनी को दिल्ली में एक महत्त्वपूर्ण पद (व्यवहारी) पर नियत किया था। गियासुद्दीन समर सिंह को पुत्रवत् मानता था और उसे उसने तेलिंगाना भेजा जहाँ उसने अनेक जैन मंदिर निर्मापित कराए। मुहम्मद उसे भ्रातृवत् मानता था और उसे तेलिंगाना का शासक नियत किया था। जिनप्रभ-सूरि तथा महेन्द्रसूरि सुल्तान के प्रियजन थे।

[1]महेन्द्र सूरि के प्रति नयचन्द्र कहते हैं :—

एकः सोऽयं महात्मा न पर इति नृपश्रीमहम्मादशाहे।
स्तोत्रं प्रापत् स पापं क्षपयतु भगवान् श्रीमहेन्द्रप्रभुर्नः॥

अनुवादकः श्रीयुत नेमिचन्द्र जैन,

नोट :— श्री इत्यादि शब्द अनुवादक ने स्वय नामों के आगे जोड़ दिए हैं, क्योंकि हिन्दी भाषा में महापुरुषों के पहिले सम्मान सूचक शब्दों की अनुपस्थिति अशिष्टता सूचक है, यद्यपि अंग्रेजी में यह क्षम्य है।

१ Proceedings of the 7th Oriental Conference P. 630.

पूर्व और पश्चिम में दर्शन की धारणा

[ले० श्रीयुत डा० देवराज एम० ए०, डी० फिल०]

दर्शन की समस्या क्या है ? और उसका प्रयोजन क्या है ? इस सम्बन्ध में विभिन्न विचारकों ने विभिन्न मत स्थिर किये हैं। यह बात किसी एक ही देश के दार्शनिकों के ग्रन्थों से दर्शित की जा सकती है। ऐसी परिस्थिति में विभिन्न देशों, विशेषतः पूर्व और पश्चिम, के दार्शनिकों में एतद्विषयक मतभेद होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। वस्तुतः दर्शन की समस्या और प्रयोजन के बारे में पूर्वी और पश्चिमी विचारकों ने नितान्त भिन्न सम्मतियाँ प्रकट की हैं।

यदि हम योरुप के दार्शनिक इतिहास पर दृष्टिपात करें, तो यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि योरुपीय दर्शन का उद्देश्य, उसकी प्रमुख और एकमात्र समस्या, विश्व की व्याख्या करना है। इस विस्तृत और विभिन्न विश्व को किसी प्रकार बुद्धिगम्य बनाना ही योरुपीय दर्शन का उद्देश्य है। यह बात योरुप की अत्यन्त प्राचीन और अति आधुनिक सब दर्शन-पद्धतियों को लागू होती है। हाँ, इस सामान्य तथ्य का एक महत्त्वपूर्ण अपवाद भी है, यह अपवाद योरुप का मध्य-युगीय दर्शन है।

यूनान के प्रारंभिक विचारक, थेलीज़, एनेग्ज़ीमेण्डर, एनेग्ज़ीमिनीज़, हेराक्लाइटस आदि की खोज का विषय एक ऐसा मूल तत्त्व था, जिससे दृश्यमान जगत की विभिन्न व्यक्तियों (Entities) का उद्गम संभव हो सके। डिमोक्राइटस के समय तक दार्शनिकों को जीव-जगत और सामाजिक जगत की व्याख्या के महत्त्व का भान नहीं हुआ था, इसलिये वे उसकी ओर से उदासीन से रहे। किन्तु सोफिस्ट शिक्षकों के घोर संशयवाद ने यह आवश्यक बना दिया कि दर्शनशास्त्र मनुष्य और उसके सामाजिक जीवन की भी व्याख्या करे और मनुष्य के नैतिक विश्वासों का बौद्धिक मण्डन प्रस्तुत करे। इस प्रकार सोफिस्ट सन्देहवाद ने नीतिशास्त्र को जन्म दिया। संशयवाद का उत्तर देने की आवश्यकता ने ही ज्ञान-मीमांसा अथवा सम्वित्-शास्त्र को भी जन्म दिया। इस प्रकार आधुनिक दर्शन-सम्मत प्रमुख शाखाओं की नींव पड़ी। दर्शन की ये विभिन्न शाखाएँ विभिन्न अनुभव-क्षेत्रों की व्याख्या का प्रयत्न करती हैं। जबकि तत्त्व-मीमांसा का क्षेत्र समस्त विश्व है, वहाँ नीति-शास्त्र मुख्यतः मानव जीवन को अपना विषय बनाता है, और ज्ञान-मीमांसा ज्ञानमात्र की संभावना पर विचार करती है।

देखने की बात यह है कि योरुपीय दर्शन में आत्मा और परमात्मा की जिज्ञासा का कोई महत्त्वपूर्ण स्थान नहीं है। यद्यपि वर्तमान योरुपीय दर्शन के पिता डेकार्ट ने अपने चिन्तन का प्रारंभ आत्मा से किया है—वह आत्मा की स्वयंसिद्धता को लेकर चला है, फिर भी यह नहीं कहा जा सकता कि उसके दर्शन में आत्म जिज्ञासा का कोई विशिष्ट स्थान है। यह बात उसके बाद के दार्शनिक विकास से भी सिद्ध है। वास्तव में डेकार्ट के लिये आत्मा की सिद्धि ईश्वर को सिद्ध करने का द्वार या उपकरणमात्र है। अर्डमान द्वारा उद्धृत डेकार्ट के एक पत्र के अवतरण में यह बतलाया गया है कि जहाँ वह गणित के अध्ययन में प्रतिदिन कई घंटे व्यय करता था, वहाँ दार्शनिक चिन्तन में केवल कुछ घंटे प्रतिवर्ष लगाता था।* यह इस बात का निदर्शन है कि योरुपीय विचारक वाह्य जगत में काफी दिलचस्पी लेते रहे हैं। इसी प्रकार प्रसिद्ध चैतन्यवादी बर्कले के दर्शन में भी आत्म-जिज्ञासा का भाव प्रबल नहीं है। डेकार्ट और बर्कले दोनों आत्मचिन्तन में अभिरुचि जगाने में असमर्थ रहे। यूनानी दार्शनिकों, प्लेटो और अरस्तू, में भी आत्मजिज्ञासा प्रधान नहीं है। इन दार्शनिकों की पद्धतियों में ईश्वर की धारणा का भी गौण स्थान है। प्लेटो अपने जातिप्रत्ययवाद के लिये प्रसिद्ध है और अरस्तू अपने चतुष्कारणवाद तथा विकासवाद के लिये। संशयवादी ह्यूम के बाद काण्ट ने घोषित किया कि आत्मा और ईश्वर दर्शन के विषय ही नहीं हैं। साथ ही काण्ट को इस बात की बड़ी चिन्ता थी कि विज्ञान की संभावना और दृश्य-जगत की व्याख्येयता का मण्डन किया जाय। हीगल ने तो स्पष्ट ही विश्व के विभिन्न अंशों की व्याख्या करने का भगीरथ प्रयत्न किया है। अध्यात्मवादी होते हुए भी हीगल के दर्शन में उपास्य ईश्वर और आत्मा का गौण स्थान है। वस्तुतः हीगल के अनुसार विश्व-ब्रह्माण्ड की सारभूत अमूर्त्त धारणा-समष्टि (System of Categories) है जो भारतीय आत्मतत्त्व से नितान्त भिन्न है।

अति आधुनिक काल में ब्रेडले आत्म-तत्त्व को विवर्त्त या अतात्त्विक घोषित करता है। यद्यपि ब्रेडले के अनुसार दर्शन का काम तत्त्व पदार्थ को जानना है, फिर भी वह मानता है कि एक पूर्ण दर्शन समष्टि को विश्व-विवर्त्तों का विवरण दे सकना चाहिये। हमारे युग की अनेक विकासवादी पद्धतियाँ भी विश्व की व्याख्या का प्रयत्न करती हैं।

दूसरी बात यह है कि योरुप में दार्शनिक चिन्तन, चिन्तन के लिये रहा है, वह स्वयं ही अपना ध्येय माना गया है; उसका अपने से बाहर कोई लक्ष्य या उद्देश्य नहीं है।

इसके विपरीत भारतीय दर्शन एक उद्देश्य को लेकर प्रवृत्त हुआ था, वह मोक्ष का अन्यतम साधन माना गया। यही नहीं, अनेक दर्शनों के अनुसार दर्शन का प्रधान विषय आत्मा और परमात्मा की जिज्ञासा है। हमारे इस मन्तव्य का स्पष्टीकरण अपेक्षित है।

*—दे० हिस्ट्री आफ फिलॉसफी भाग २, पृ० २४

उपनिषद् में स्पष्ट कहा गया है कि परा विद्या वह है जिससे चरमतत्त्व (ब्रह्म या आत्मा) का ज्ञान हो। बाद को मुख्यतः वेदान्त दर्शन ने उपनिषदों के इसी सिद्धान्त को प्रचारित किया। अन्य दर्शनों में, जिन पर उपनिषदों का प्रभाव कम पड़ा, अवश्य ही विश्व ब्रह्माण्ड की व्याख्या करने का प्रयत्न पाया जाता है। उदाहरण के लिये जैन दर्शन, वैशषिक दर्शन और सांख्य दर्शन में विश्व के पदार्थों को वर्गीकृत करके उनकी स्वरूप-व्याख्या की कोशिश की गई है। किन्तु दूसरे दर्शनों में इस प्रकार की व्याख्या महत्त्वपूर्ण नहीं रह गई है। विशेषतः उत्तरकालीन भक्तिमार्गी दर्शन विश्व की व्याख्या के प्रति नितान्त उदासीन रहे और उनका एकमात्र उद्देश्य आत्मा और परमात्मा के सम्बन्ध को स्पष्ट करके ईश्वर-प्राप्ति के उपाय बतलाना रह गया। ध्यान देने योग्य बात यह है कि न्याय-वैशेषिक आदि दर्शनों में भी आत्मज्ञान को विशेष ऊँचा स्थान दिया गया है। यह बात वात्स्यायनभाष्य के निम्न अवतरण से स्पष्ट समर्थित होती है। वे लिखते हैं:—"क्योंकि ज्ञेय वस्तुओं की संख्या अनन्त है, इसलिये उन सबका यथार्थ ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता। अतएव उस पदार्थ का सम्यग्ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा करनी चाहिये जिसका अज्ञान पुनर्जन्म का सक्रिय हेतु बन जाता है।" वात्स्यायन की सम्मति में सबसे महत्त्वपूर्ण ज्ञान "आत्मा को अमर तथा शरीर, इन्द्रियों आदि नश्वर पदार्थों से भिन्न जानना" है।† शंकराचार्य ने स्पष्ट लिखा है—

न हि सृष्ट्याख्यायिकादिपरिज्ञानात् किंचित्फलमिष्यते। ऐकात्म्यस्वरूपपरिज्ञानात्तु अमृतत्त्वं फलं सर्वोपनिषत्प्रसिद्धम्।* [ऐतरेयभाष्य, अध्याय २, उपोद्घात]

उत्तरकालीन भारतीय दर्शन में विश्व की व्याख्या की उपेक्षा किये जाने का प्रधान कारण अद्वैत वेदान्त के प्रचार और प्रसिद्धि को ही समझना चाहिये। वेदान्त ब्रह्म और आत्मा में अभेद मानता है, इसलिये उसमें आत्मज्ञान पर बहुत जोर दिया गया। किन्तु भक्तिमार्गी दर्शनों में ज्ञान का प्रमुख विषय सगुण ईश्वर बन गया। इस प्रकार भारतीय दर्शन धीरे-धीरे विश्व की व्याख्या के प्रति अधिकाधिक उदासीन होता गया। मुक्ति का ध्येय लेकर चलने के कारण भारतीय दर्शन मोक्षधर्म (Religion) के उसी प्रकार समीप रहा, जिस प्रकार कि योरुपीय दर्शन, विशुद्ध ज्ञान या बौद्धिक तृप्ति को ध्येय बनाने के कारण, विज्ञान के।

---

†—दे० न्याय भाष्य (गंगानाथ झा कृत अंग्रेजी अनुवाद), पृ० ४६७—६८

*अर्थात् सृष्टि का क्रम आदि जानने से कोई लाभ नहीं है; ब्रह्मात्मैक्य का ज्ञान ही वास्तविक और उपयोगी ज्ञान है।

जैनियों की दृष्टि में विक्रमादित्य

[ले० श्रीयुत पं० के० भुजबली शास्त्री, विद्याभूषण; प्रोफेसर श्रीयुत देवसहाय त्रिवेद एम. ए.]

कालकाचार्य कौन था ?

जैनियों की दृष्टि में विक्रम संवत् प्रवर्तक शकारि विक्रमादित्य का एक महत्त्वपूर्ण स्थान है। कालकाचार्य कथानक[1] इस विषय पर पूर्ण प्रकाश डालता है। इस कथानक का रचनाकाल निर्विवाद स्थिर नहीं किया जा सकता। यह कथानक प्रायेण भद्रबाहु रचित कल्पसूत्र के परिशिष्ट में पाया जाता है। यद्यपि विक्रम संवत् ५१० के पूर्व केवल यति ही इसे पढ़ते थे; किन्तु उसके बाद यति और गृहस्थ दोनों सामान्यरूप से पढ़ते हैं। कालकाचार्य सूरि के ही समय पर्युषण का समय भाद्र कृष्ण पंचमी के बदले में भाद्र कृष्ण चतुर्थी स्थिर किया गया। हेमचंद्राचार्य ने (११४६-१२२९ वि० सं०) अपने योगशास्त्रवृत्ति में, जिसे उन्होंने अपने आश्रयदाता कुमारपाल (११९९-१२२९ वि० सं०) के समय में बनाया था, कालक का उल्लेख किया है। इसलिये संभव है कि कालकसंबंधी[2] विभिन्न कथानकों को मालवा में धारा नगरी के राजा भोज (१०७५-११७७ वि० सं०) के समय में विशद साहित्यिक रूप दिया गया हो।

खरतरगच्छ की पट्टावली (वीर संवत् ९८०) से तीन कालकाचार्य के अस्तित्व और उनके काल का पता चलता है। कालक प्रथम की मृत्यु वीर संवत् ३७६ या ९४ वर्ष विक्रमपूर्व, ९१ वर्ष की अवस्था में हुई। सर्व सम्मति से कालक द्वितीय का काल ४५३ वीर संवत् या १७ वर्ष वि० पू० धर्मप्रभसूरि के हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर है। इसी समय सरस्वती का पुनः संघ में लेना माना जाता है। तृतीय कालकाचार्य ने पर्युषणकाल पंचमी से चतुर्थी में परिवर्तन वीर संवत् ९९३ या ५२३ वि० संवत् में किया। कालक प्रथम प्रज्ञापनासूत्र का रचयिता माना जाता है।

गर्दभिल्ल कौन था ?

अभिधान राजेंद्र (भाग ५ पृ० १२८९) के अनुसार राजा गर्दभिल्ल का समय वीर सं० ४५३—४६६ (वि० पू० १७ से वि० पू० ४) तक माना जाता है, यद्यपि जिनसेन[3]

---

१ कालकाचार्य कथानक, विलियम नार्मन ब्राउन संपादित, वाशिंगटन, १९३३ खृष्टाब्द।

२ इस महासूरि के विषय में विशेष प्रकाश के लिये कृपया द्विवेदी-अभिनंदन ग्रंथ, काशी-नागरी-प्रचारिणी-सभा द्वारा प्रकाशित, श्री मुनि कल्याणविजयजी का लेख अभिकालक पृ० ९४-१२० देखें।

३ बिहार उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी जर्नल, भाग १६, पृ० २३४।

(८५० वि० सं०) ने रासभ (गर्दभिल्ल) का काल वीर संवत् ३४५ से ४४५ तक दिया है। प्रचलित कथानक में तीनों कालक के गुणों और कार्यों का सम्मिश्रण पाया जाता है। कालक की छोटी बहन सरस्वती सर्व-लावण्य-संपन्न थी। एक बार विहार[1] भूमि में उज्जयिनी नगरी के राजा गर्दभिल्ल उसे देखकर अवाक् हो गया और उसे पकड़वाकर बलात् अपने महल में भेज दिया। कालक ने उस दुष्ट राजा को बहुत समझाया कि जो दूसरे की स्त्री का हरण करता है उसका गोत्र नष्ट हो जाता है, चरित्र कलुषित हो जाता है, महान् योद्धा का पराक्रम क्षीण हो जाता है, उसकी बदनामी का ढोल सारे संसार में पिट जाता है, उसके कुल में सर्वदा के लिये कलंक का टीका लग जाता है। अतः, हे राजन्! इस मेरी बहन को छोड़ दीजिये, संघ की रक्षा कीजिये जिससे लोग स्वच्छन्दतापूर्वक धर्म का पालन कर सकें। किन्तु, जब उस कामांध राजाने जरा-सा भी उनकी बातों पर कान न दिया तब हताश होकर उस सूरि ने कठिन प्रण किया कि यदि मैं इस गर्दभिल्ल राजा का सहसा उन्मूलन न कर दूँ तो मुझे संघपातकी महान् दोष होवे। तथा इस धर्मसूरि ने चाणक्य के समान अपने प्रयत्न से इस दुष्ट राजा को नीचा दिखाकर ही छोड़ा। किन्तु, इस प्रकार प्रतिज्ञा करने के बाद सूरि ने सोचा कि यह महाबली पराक्रमी राजा गर्दभिल्ल गर्दभी महाविद्या का पूर्ण अधिकारी है; इसलिये इसकी जड़ खोदने के लिये उपाय करना चाहिये। वह एक पागल का वेष बनाकर चौक, चबूतरे, राजमार्ग इत्यादि स्थानों पर पागल के समान बकने लगा —"यदि गर्दभिल्ल राजा है तो इससे बढ़कर क्या हो सकता है, यदि अन्तःपुर रमणीय है, तो इससे बढ़कर क्या चाहिये, यदि लोग सुन्दर कपड़े पहने हैं तो फिर क्या चाहिये, यदि भिक्षाटन से ही पेट भर जाता है तो फिर क्या आवश्यकता है, यदि शून्य घर में सोता हूं तो फिर चाहिये ही क्या ?" उसका यह प्रलाप सुनकर मंत्रियों ने भी उसे बहुत समझाया; किन्तु फल उलटा ही हुआ।

कालक और शकराज

इस प्रकार विचरण करता हुआ वह सूरि शककूल (सगकूलं) पहुँचा। वहाँ के सामन्त शाही कहलाते थे तथा सकल नरेंद्र चंद्रचूड़ामणि को साहानसाही (शहनशाह) कहते थे। वह सूरि एक शाही के यहाँ ठहर गया। एक दिन शहनशाह के यहाँ से एक दूत आया। उस दूत को देखते ही शाह का चेहरा फीका पड़ गया। सूरि के पूछने पर शाह ने कारण बतलाया कि जिससे शहनशाह नाराज हो जाते हैं, उसके पास अपनी छाप मुहर देकर तलवार भेजते हैं और उसी तलवार के घाट उसे उतरना पड़ता है; अन्यथा सारे कुल को तलवार का शिकार

१ कालयसूरिसहुयभगिणी सरस्सई नाम साहुणी। वियारभूमीए निग्गया समाणी दिट्ठा उज्जेणीनयरिसामिणा गद्दभिल्लरारइणा अज्झोववन्नेण य। कालकाचार्यकथानक पृ० ३८

बनना पड़ता है। ऐसे ९५ और शाहों से शहनशाह क्रुद्ध हैं। इसपर सूरि ने शाह को समझाया कि आप ९५ अन्य शाहों को भी दूत भेजें कि वे अपना प्राण व्यर्थ न खोवें और सब हिंदुक देश में चलें। सभी ने अपना शस्त्रास्त्र इकट्ठा कर लिया और सूरि से पूछा कि अब क्या करना चाहिये ? उनके आदेश से सभी सेना और सामान के साथ सिंधु नदी पार कर हिंदुक देश चले। यहाँ से वे सवार होकर सुराष्ट्र विषय (सूरत या सौराष्ट्र) के पास पहुँचे। किंतु, वर्षा आरंभ होने के कारण वे आगे न बढ़ सके और सौराष्ट्र को ९६ हिस्सों में बाँटकर वहीं ठहर गये।

शकों का आक्रमण

शरद-ऋतु के पहुँचने पर कालक ने अपनी कार्यसिद्धि का शुभ लक्षण देखा और शाहियों को उज्जयिनी लेने के लिये उत्तेजित किया; क्योंकि यह मालवा की कुंजी थी। शाहियों के पास धन की कमी थी। सूरि ने प्रचुर धन से उनकी सहायता की। लाट (कच्छ) के राजा ने भी शाहियों का साथ दिया। उज्जयिनी चारों ओर से घेर ली गयी, जिससे गर्दभिल्ल की सेना की एक न चली।

गर्दभिल्ल की हार और शकराजवंश

अब गर्दभिल्ल ने अपने जादू का बल चलाना चाहा। उसने घोषित कर दिया कि उसके जादू से नवें दिन गदहिया प्रकट होगी। उसकी रेंक से सभी चौपाये और मनुष्य बेहोश होकर गिर पड़ेंगे और उनके मुँह से खून निकलने लगेगा। सूरि ने लोगों को चेता दिया और २०० चुने हुए वीरों को धनुष-बाण से सुसिज्जत कर किले के द्वार पर खड़ा करने का आदेश दिया और कहा कि जैसे ही गदही बोलना चाहे, उसका मुँह बाणों की बौछार से भर दो। ठीक ऐसा हीं किया गया। इससे गदही व्याकुल होकर अपने लीद और मूत्र से अपने जादूगर को ही परेशान करने लगी। गर्दभिल्ल कैद कर लिया गया। उसे सूरि के चरणों पर गिरना पड़ा। सूरि के आदेशानुसार शाहियों ने उसे देश से निकाल दिया और वह दरिद्र के समान अपना जीवन बिताने लगा।

अन्य शाहियों ने उस शाही को शहनशाह माना, जिसने सूरि को आश्रय दिया था, और वह राज्य भोगने लगा। शककूल (शगकूल) से आने के कारण वे शकवंशी कहलाये। इस प्रकार यहाँ शक राजवंश की स्थापना हुई।

अब यह प्रश्न उठता है कि गर्दभिल्लवंश कौन है ? पुराणों[1] में लिखा है कि सात

---

१ पार्जिटर डायनेस्टीज ऑफ दी कलियुग पृ० ४५-४६।

गर्दभिल्ल राजाओं ने ७२ वर्ष राज्य किया, उसके बाद शकों का राज्य हुआ। वास्तव में इस गर्दभिल्लवंशी राजा का नाम दरपण (दर्पण) था। जैन परंपरा के अनुसार इस दर्पण राजा का समय ४५३-४६६ वीर संवत् है और कालक द्वितीय का समय वीर संवत् ४५३ है। अतः दोनों का काल ठीक बैठता है।

शकों का पूर्वस्थान

प्रोफेसर, डाक्टर स्टेनकोनो ने अपने ग्रंथ[1] में इस विषय पर पूर्ण प्रकाश डाला है। उनके अनुसार शकों का प्राचीन स्थान पामीर देश में हिंदुकुश से उत्तर, बलख और सागडियाना से पूर्व, कास्पियन सागर तक फैला हुआ था तथा बाद में वे सिस्तान (शकस्थान) में भी पाये गये हैं। पारसी ग्रंथों से भी इसकी पुष्टि होती हैं तथा चीनी आधार भी हमें इसी निर्णय पर पहुँचाते हैं। ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी में वे सिंध देश में बस गये। ई० पू० ८८ में मिथ्रडेट्स द्वितीय की मृत्यु के बाद सिस्तान के शक पार्थिया से स्वतंत्र हो गये और अपने विजय-मार्ग पर सिंध पहुँचे। टालेमी (१६० ई० सन्) भी काठियावार में शक राज्य का उल्लेख करता हैं। ई० पू० ६० में शकों का राज्य हिंदुकदेश में सिंध, काठियावार और मालवा तक फैल गया।

विक्रमादित्य—

कुछ समय के बाद विक्रमादित्य नामक वीर पैदा हुआ। यह गंधर्वसेन का पुत्र था, जो शाप के कारण गदहे का स्वरूप बनाता था। गुजरात के राजा ताम्रलिप्तर्षि की कन्या मदनरेखा से इसका विवाह हुआ। मदनरेखा की मा ने गर्दभावरण को जला दिया, जिससे गंधर्वसेन की मृत्यु हो गयी। गर्भिणी मदनरेखा ने विक्रम को पैदा किया तथा एक दासी से भर्तृहरि पैदा हुए। संभवतः इस गर्दभिल्लवंश का राजचिह्न गदहा था, इसी कारण इस वंश के राजाओं का गदहे से संबंध जोड़ा जाता है। अन्य स्थान पर विक्रम को गर्दभिल्ल का ही पुत्र बतलाया गया है। कुछ काल के बाद उस प्रसिद्ध वीर ने सारे शकवंश[2] का नाश किया और सारे मालवा पर अपना अधिकार कर लिया। इसने बहुतों को युद्ध में हराया और अपने सुकार्य से अक्षय पुण्य प्राप्त किया। राज्य में धन के प्राचुर्य से इसने प्रजा को ऋणमुक्त कर दिया और अपने नाम का संवत्[3] भी चलाया। भविष्यपुराण के अनुसार भी इस महान् वीर विक्रम ने अपने नाम का संवत् चलाया।

---

१ कारपस इंसक्रिप्सनं इनडिकेरम्, खरोष्ट्री लेख, भाग २, १९२९, आक्सफोर्ड प्रेस।

२ कालांतरेण केणाइ उप्पादिट्ठा सगाण तं वंसम्।
जावो मालवराया नामेणं विक्कमाइच्चो ॥६५॥ पृष्ठ ४३।

३ नियवो संवच्छरो जेण (६८)। पृष्ठ ४३।

उपर्युक्त विचार से प्रकट होता है कि गर्दभिल्ल (दपण) की मृत्यु के बाद ही विक्रम का जन्म हुआ। अतः, हम इस तथ्य पर पहुंचते हैं कि ई० पू० ५७ में विक्रम का जन्म शकराज्य स्थापित होने के ३ या ४ वर्ष बाद हुआ। छोटी उम्र में इसे देश से शत्रुओं के निकालने का भार उठाना पड़ा। १८ वर्ष की अवस्था (ई० पू० ३९) में इसने शकों को मार भगाया और गद्दी पर बैठा जैसा कि काश्मीर की संशोधित राजवंशावली[1] से प्रकट होता है। अतः, यह मानना पड़ेगा कि यह विक्रम संवत् विक्रमादित्य के राज्याभिषेक काल से नहीं; बल्कि उसके जन्मकाल से है। काश्मीर में हिरण्य के अपुत्र स्वर्गासीन होने पर बड़ी अशान्ति फैल गयी। विक्रमादित्य ने वहां शांन्ति स्थापित किया और वहां का भी राजा बन बैठा। इसने पुनः कालिदास (मातृगुप्त) को वहां का राजा बनाकर भेजा। किन्तु ४ वर्ष ९ मास ही राज्य करने के बाद अपने संरक्षक की मृत्यु का समाचार सुनकर मातृगुप्त ने शोक से सन्यास धारण कर लिया। इसकी मृत्यु १११ वर्ष की अवस्था में ९३ वर्ष राज्य करने के बाद ५४ ई० सन् में शकों के षड्यंत्र से पैठनक के समुद्रपाल योगी के हाथ से हुई। बाद में यह समुद्रपाल योगी शालिवाहन का दरबारी हुआ। उसकी मृत्यु से प्रजा बहुत दुःखी हुई।[2]

संवत् किसने चलाया ?

श्री राखालदास बनर्जी के अनुसार इस संवत् का प्रवर्तक नहपान तथा फ्लीट के अनुसार इसका श्रेय कनिष्क को है। सर जान मार्शल और रैप्सन के अनुसार[3] विक्रम संवत् का प्रवर्तक अजेस (Azes) है। किन्तु, स्टेनकोनो के विचार में इसका श्रेय उज्जयिनी के विक्रमादित्य को और हरितकृष्ण दे तथा काशीप्रसाद जायसवाल[4] के मत में गौतमीपुत्र शातकर्णि को है।[5]

शकारि—

संभवतः विक्रमादित्य उसका नाम था तथा शकारि उसकी उपाधि थी। शकारि शब्द की व्युत्पत्ति दो प्रकार से की जा सकती है। शकानां अरिः और शका अरयो यस्य। इसके

१ (क) विज्ञान, प्रयाग १९९४, अप्रैल।

(ख) The Revised Chronology of Kashmir Kings, Journal of Indian History, Vol. XVIII, P. 58.

२ स्वर्गं गते विक्रमार्के भद्रबाहौ च योगिनि।
प्रजाः स्वच्छन्दचारिण्यो बभूवुः पापमोहिताः ॥३॥
श्री भट्टारक इन्द्रनन्दि [लगभग १३ वी शताब्दी] प्रणीत 'नीतिसार'।

३ जर्नल रायल एसायिटिक सोसाइटी १९१४, पृ० ९७३।

४ जर्नल बिहार उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी, भाग १६, पृ० ६१।

५ इस सम्बन्ध में विशेष प्रकाश के लिये 'किशोर' विक्रमांक, भाग ६ किरण १ देखें।

संबंध में दोनों व्युत्पत्ति ठीक जँचती है; क्योंकि इसने शकों का सत्यानाश किया तथा उन्हें मार भगाया और अन्त में शकों के साथ लड़ते-लड़ते उन्हीं के षड्यंत्र से वीरगति को प्राप्त हुआ। अतः, लोगों ने उसके प्रति अपना आदर भाव दिखाने के लिये उसके नाम का संवत् चलाया जिसे पहले लोग कृत संवत्, बाद में मालवगणना तथा कालांतर में विक्रम संवत् कहने लगे।[१] इस प्रकार हम देखते हैं कि जैन साहित्य में विक्रमादित्य का एक ठोस स्थान है और इस साहित्य के आधार पर हमें विक्रमादित्य को ई० पूर्व प्रथम शताब्दी में रखने में विशेष सहायता मिलती है।

---

१ यातेषु चतुर्षु कृतेषु सौम्येष्वसितचोत्तरपदेषु इह वत्सरेषु
=३४३ खृष्टाब्द [गुप्तशिलालेख पृ० ७५]

कृतेषु चतुर्षु वर्षशतेषु अष्टाविंशेषु। =३७१ खृष्टाब्द [वहीं २५३]

श्रीमालवगणाम्नाते प्रशस्ते कृतसंज्ञिते।
एकषष्ट्यब्दिके प्राप्ते समाशतचतुष्टये ॥=४०४ खृष्टाब्द [वहीं ८७, १५८]

मालवानां गणस्थित्या याते शतचतुष्टये।
त्रिनवत्यधिकेऽब्दानां ऋतौ सेव्यघनस्वने ॥=४३६ खृष्टाब्द [वहीं ६५--६६]

विक्रमाख्यकाल धौलपुर के एक शिलालेख में संवत् ८६८=८४१ खृ० सन् [इण्डियन ऐंटिक्वेअरी भाग २० पृ० ४०६]

तथा श्रीएकलिंगजी के शिलालेख में श्रीविक्रमनृप काल १०२८ का उल्लेख है। =६७१ खृ० सन्
(जर्नल बाम्बे राथल एशियाटिक सोसाइटी, भाग २२, पृ० १६६)

समीक्षा

भारतीय दर्शन—लेखकः प्रो० बलदेव उपाध्याय, एम० ए०, साहित्याचार्य; प्रकाशकः बाबू कृष्णदास गुप्त, ठठेरी बाजार, काशी; पृष्ठ संख्या : ६०३; मूल्यः ३॥) ।

जैसा कि श्री पं० गोपीनाथ कविराज ने प्राक्कथन में लिखा है, इस ग्रन्थ में लेखक ने 'भारतीय तत्त्व-ज्ञान का एक साङ्गोपांग विवरण ..... प्रस्तुत किया है ।' प्रारम्भ में लगभग पचास पृष्ठ का एक उपोद्घात है जिसमें 'दर्शन' तथा 'भारतीय दर्शन' पर कुछ विचार हैं। यही पुस्तक का पहला परिच्छेद है । इसके बाद तेरह परिच्छेदों में श्रौत-दर्शन, गीता-दर्शन, चार्वाक-दर्शन आदि से लेकर अद्वैत-वेदान्त, वैष्णव-तन्त्र, रामानुज, मध्व, निम्बार्क, वल्लभ आदि के मतों का विवरण है । पन्द्रहवाँ परिच्छेद शैव-शाक्त-तन्त्र का प्रतिपादन करता है। अन्तिम परिच्छेद में भारतीय दर्शन का उपसंहार है जिसमें दर्शनों के समन्वय तथा भारतीय दर्शन के भविष्य पर विचार व्यक्त किए गए हैं ।

प्रत्येक दार्शनिक सम्प्रदाय का विवरण तीन शीर्षकों के अन्तर्गत दिया गया है, अर्थात् साहित्य, सिद्धान्त और समीक्षा । साहित्य के अन्तर्गत लेखक ने विभिन्न आचार्यों के जीवन पर सरस टिप्पणियां दे दी हैं । इससे पुस्तक की रोचकता अवश्य बढ़ जाती है, पर अनावश्यक विस्तार भी हो जाता है । विशेषतः हिन्दू दार्शनिकों के सम्बन्ध में लेखक ने प्रशंसात्मक वाक्यों का स्वच्छन्द प्रयोग किया है, जैसे 'सुबन्धु ने अपनी वासवदत्ता में 'न्यायसंगतिमिव उद्योतकरस्वरूपाम्' लिखकर न्याय-जगत में उद्योतकर की विमलकीर्त्ति की सूचना दी है; तथा 'दिङ्नागीय आक्रमणों से क्षीणप्रभ न्याय विद्या की (के ?) विमल प्रकाश को सर्वत्र विस्तार कर उद्योतकरने अपना नाम सार्थक कर दिखाया' पृ० (२३८—३९) । न्याय-दर्शन के प्रसिद्ध आचार्यों का वर्णन लगभग ८ पृष्ठ में है; इसी प्रकार अद्वैत-वेदान्त के आचार्यों पर सात पृष्ठ लिखे गये हैं । यदि इन वर्णनों के बदले विभिन्न आचार्यों के मौलिक मन्तव्यों एवं पारस्परिक मतभेदों का उल्लेख रहता, तो पाठकों का अधिक लाभ होता ।

सिद्धान्तों का निरूपण प्रायः मूलग्रन्थों के आधार पर किया गया है । लेखक का मूल संस्कृत-साहित्य से अच्छा परिचय मालूम पड़ता है । उपनिषदों की अपेक्षा वेदों का, और बौद्ध-दर्शन की अपेक्षा जैन-दर्शन का विवरण अधिक विस्तृत और सुन्दर है । विशेषतः बौद्ध दार्शनिक संप्रदायों के साथ लेखक ने न्याय नहीं किया है । भारतीय दार्शनिकों में नागार्जुन का स्थान बहुत ऊँचा है, किन्तु प्रस्तुत ग्रन्थ में उसकी तर्क-पद्धति का परिचय कराने का बहुत ही अपर्याप्त प्रयत्न किया गया है । लेखक ने न्याय, वैशेषिक आदि हिन्दू दर्शनों पर अलग अध्याय दिये हैं जिससे उन दर्शनों को बहुतसी विशेषताओं का समावेश हो गया

है। अद्वैत-वेदान्त के अध्याय में गौडपाद कारिका का परिचय कुछ अधिक संक्षिप्त है। लेखक ने अद्वैत-वेदान्त का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया है, किन्तु यदि शंकर-परवर्त्ती-आचार्यों के मत पर कुछ अधिक लिखा जाता, तो अच्छा होता। लेखक महोदय रामानुज-दर्शन के महत्त्व को हृदयंगम करने में नितान्त असफल हुये हैं और उसके यौक्तिक आधार को स्पष्ट नहीं कर सके हैं। निम्बार्क, मध्व, वल्लभ आदि का दर्शन भी बहुत संक्षेप में दिया गया है। विशेषतः मध्व और उनके अनुयायियों द्वारा की गई अद्वैत की समालोचना को अधिक स्थान दिया जा सकता था। पंचरात्र, शैव, शाक्त आदि मतों के साधनात्मक पहलू को विस्तार से दिखाया गया है, किन्तु उनका दार्शनिक विवरण पर्याप्त नहीं है।

पुस्तक का सब से कमजोर हिस्सा उसका समीक्षात्मक अंश है। लेखक ने तर्क-पूर्ण आलोचना के बदले प्रशंसात्मक या विपरीत वाक्य ही अधिक दिये हैं। उदाहरण के लिये न्याय की आलोचना करते हुए लेखक का कथन है कि 'सच्चा दर्शन वही हो सकता है जिसमें एक नित्य पदार्थ की सत्ता मानकर समस्त पदार्थों का सम्बन्ध उसी से प्रदर्शित किया जाय तथा सद्वस्तु के एकत्व पर जोर दिया जाय' (पृ० २७४)। ऐसी अलोचना की उपयोगिता संदिग्ध है। इसी प्रकार अद्वैत-वेदान्त की समीक्षा में कहा गया है कि 'इसके अनुशीलन से आचार्य शंकर की अध्यात्म-विषयक अलौकिक विद्वत्ता तथा तर्क-विषयक असाधारण निपुणता का पर्याप्त परिचय मिलता है।' तथापि हमें यह कह देना चाहिये कि कुल मिलाकर लेखक विभिन्न दर्शनों के प्रति सहानुभूति रख सका है।

हिन्दी में दर्शन-ग्रन्थों की बड़ी कमी है। अभी तक विभिन्न भारतीय दर्शनों के प्रामाणिक और विस्तृत विवरण हिन्दी में उपलब्ध नहीं हैं। हमारे आलोच्य ग्रन्थ का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। अतएव कतिपय कमियों के रहते हुए भी वह हिन्दी-प्रेमियों द्वारा संग्रहणीय है।

